संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 151 शुक्रवार 04 अप्रैल 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# समुद्री सीमा को लेकर भारत सख्त

» समुद्र की सीमाओं के लिए भारत का बड़ा प्लान...

» पाकिस्तान-बांग्लादेश के साथ क्या बदलेगा भारत ...

» सरकार डब्ल्यूजीएस 84 डेटाम की तरफ जाने पर विचार कर रही...

» केंद्र के नए प्लान से पाकिस्तान-बांग्लादेश पर पड़ेगा असर...

» समुद्री टेरिटोरियल वाटर और ईईजेड में भी बदलाव आएगा...




**नई दिल्ली,03 अप्रैल 2025(ए)।** भारत समुद्री सीमाओं के लिए बड़ा प्लान तैयार कर रहा है ताकि सुरक्षा को चाक-चौबंद किया जा सके। भारत समुद्री क्षेत्र और पड़ोसी देशों के साथ लगी सीमाओं पर सुरक्षा चौकसी को और पुख्ता बनाने की तैयारी में है। केंद्र सरकार समुद्र तट के सटीक निर्देशांक के लिए इंटरनेशनल स्टैंडर्ड अपनाने पर विचार कर रही है।

सूत्रों ने बताया कि सरकार अपनी तटरेखा के सटीक निर्देशांक निर्धारित करने के लिए वर्ल्ड जियोडेटिक सिस्टम 1984 डेटाम की तरफ जाने पर विचार कर रही है, जो पुरानी एवरेस्ट एलिप्सॉइड सिस्टम से आगे है, जिसे वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त नहीं है।

### मौजूदा बेस लाइन्स बदल जाएंगी

नए सिस्टम में जाने से मौजूदा बेस लाइन्स बदल जाएंगी। बेस लाइन का मतलब होता है वो सीधी रेखाएं जो समुद्री तट के सबसे बाहरी बिंदुओं को जोड़ती हैं। नए बदलाव से टेरिटोरियल वाटर और एक्लूसिव इकोनॉमिक जोन्स में बदलाव लाएगी। टेरिटोरियल वाटर, सन्निहित क्षेत्र, महाद्वीपीय शेल्फ,एक्लूसिव इकोनॉमिक जोन्स और समुद्री सीमाओं की सीमाएं बेस लाइन से समुद्र की ओर मापी जाती हैं।

नया इंटरनेशनल स्टैंडर्ड अपनाने से भारत की समुद्री सीमा कुछ मीटर से लेकर कुछ सौ मीटर तक बढ़ सकती है,जिसका असर समुद्र में 12 समुद्री मील तक फैले टेरिटोरियल वाटर और 200 समुद्री मील तक फैले ईईजेड पर पड़ेगा। उदाहरण के लिए, सर माउथ क्षेत्र (सर क्रीक का हिस्सा) में, भारतीय तट की बेस लाइन उत्तर-पश्चिम दिशा में लगभग 57 मीटर तक खिसक जाएगी।

## विदेश मंत्रालय इस विषय पर कर रहा विचार

सूत्रों ने बताया कि नए सिस्टम से 133 भौगोलिक निर्देशांकों का नया गजटेड नोटिफ़िकेशन तैयार होगा,जिसका उपयोग बेसलाइन की गणना करने के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय डेटा को संशोधित करने और इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने पर चर्चा कर रहा है।सूत्रों ने बताया कि भारत की बेस लाइन, विशेष रूप से बांग्लादेश की ओर बदल सकती है। इससे टेरिटोरियल वाटर में भी बदलाव होगा। सीमा के पाकिस्तान की ओर भी ऐसा ही,हालांकि कम प्रभाव महसूस किया जा सकता है। यह ध्यान देने वाली बात है कि 2014 के स्थायी मध्यस्थता न्यायालय ने बांग्लादेश और भारत के बीच समुद्री सीमा विवाद को सुलझाने के लिए डब्ल्यूजीएस 84 डेटा का इस्तेमाल किया था।



## अनुराग ठाकुर इस्तीफा दें या फिर मैं...संसद में गरजते हुए खरगे का चैलेंज

**नई दिल्ली,03 अप्रैल 2025(ए)।** राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को भाजपा सांसद से कहा कि वह उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित करें या इस्तीफा दें। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा, अनुराग ठाकुर द्वारा मेरे खिलाफ लगाए गए आरोपों ने मेरी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया है। खरगे ने राज्यसभा में कहा, विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में मैं आज खड़े होकर अनुराग ठाकुर के बेबुनियाद आरोपों की निंदा करने के लिए मजबूर हूं। उन्होंने कहा कि मैं गहरी पीड़ा में हूं, मेरा जीवन हमेशा एक खुली किताब की तरह रहा है, संघर्षों और लड़ाइयों से भरा हुआ, लेकिन मैंने हमेशा सार्वजनिक जीवन में सर्वोच्च मूल्यों को बनाए रखा है। अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में मुझ पर पूरी तरह से झूठे और निराधार आरोप लगाए। सदन के नेता से माफ़ी की उम्मीद करता हूँ, क्योंकि यह कम से कम इतना तो है जो सत्तारूढ़ दल कर सकता है और करना ही चाहिए। यदि ठाकुर अपने आरोपों को साबित नहीं कर सकते तो उन्हें संसद में रहने का कोई अधिकार नहीं है और उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए और अगर मैं गलत साबित हुआ,तो मैं खुद इस्तीफा दे दूंगा।

## महत्वपूर्ण खबर

### भारतीय वायुसेना का फाइटर जेट जगुआर दुर्घटनाग्रस्त



#### एक पायलट की मौत,दूसरे की हालत गंभीर

**नई दिल्ली,03 अप्रैल 2025(ए)।** गुजरात के जामनगर जिले में भारतीय वायुसेना का एक जगुआर फाइटर जेट बड़ा हादसे का शिकार हो गया। इस दुर्घटना में एक पायलट की मौत हो गई,जबकि दूसरा घायल हो गया है। जामनगर के पुलिस अधीक्षक प्रेमसुख डेलू ने घटना की पुष्टि की है। भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक बयान जारी कर बताया कि विमान को तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ा था। पायलटों ने विमान को आबादी वाले क्षेत्र से दूर ले जाने की कोशिश की। इसी दौरान दुर्घटना हो गई।

### सुप्रीम कोर्ट से ममता सरकार को बड़ा झटका



#### 25,000 नियुक्तियों को रद्द करने का फैसला बरकरार रखा

**नई दिल्ली,03 अप्रैल 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कोलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को सही ठहराया, जिसमें पश्चिम बंगाल के स्कूलों में लगभग 25,000 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया में व्यापक अनियमितताओं और धोखाधड़ी का हवाला देते हुए इस निर्णय को बरकरार रखा।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पूरी प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं बरती गईं। व्यापक अनियमितताओं के कारण पूरी चयन प्रक्रिया को दोषपूर्ण घोषित करना सही है।

### लाल रंग के सूटकेस में मिली महिला की सिर कटी लाश

**फरीदाबाद,03 अप्रैल 2025(ए)।** हरियाणा में क्राइम का ग्राफ इस कदर बढ़ गया है कि अपराधी बेखौफ होकर खौफनाक वारदातों को अंजाम दिए जा रहे हैं। अब फरीदाबाद में सूटकेस में एक महिला की



सिर कटी लाश मिली है। लाश के दोनों हाथ और पैर बंधे थे. बदन पर कपड़े भी नहीं थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आस-पास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। महिला की पहचान नहीं हो पाई है, इसके लिए भी पुलिस तफ्तीश कर रही है।

## पेड़ों की कटाई को सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान



» हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार को तत्काल अंतरिम रिपोर्ट पेश करने का निर्देश

» कोर्ट के आदेश तक कटाई पर रोक लगाने का आदेश

**नई दिल्ली,03 अप्रैल 2025(ए)।** उच्चतम न्यायालय ने हैदराबाद विश्वविद्यालय से सटी 400 एकड़ जमीन पर पेड़ों की कटाई मामले का संज्ञान लेते हुए तेलंगाना उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को कांचा गाचीबोवली वन क्षेत्र का तत्काल दौरा करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तेलंगाना के मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि शीर्ष अदालत द्वारा अगला आदेश पारित किए जाने तक कांचा गाचीबोवली वन क्षेत्र में पेड़ों की कटाई की अनुमति नहीं दी जाए।

### वरिष्ठ अधिवक्ता ने उठाया मुद्दा

पीठ ने उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को अपराह्न 3.30 बजे तक अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा और कहा कि मामले की सुनवाई अपराह्न 3.45 बजे होगी। इस मुद्दे को वरिष्ठ अधिवक्ता के. परमेश्वर ने पीठ के समक्ष उठाया, जो पर्यावरण से संबंधित मामले में न्यायमित्र के रूप में उच्चतम न्यायालय की सहायता कर रहे हैं।पीठ ने अपने आदेश में कहा कि न्यायमित्र कई समाचार रिपोर्टों को उसके संज्ञान में लाए हैं,जिनमें वहां बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई का चित्रण किया गया है। पीठ ने कहा, ''इसलिए,हम तेलंगाना उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश देते हैं कि वह तत्काल संबंधित स्थल का दौरा करें और आज अपराह्न 3.30 बजे तक अपनी अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करें।''

पीठ ने उच्चतम न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश दिया कि वह उसके आदेश को तत्काल उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को सूचित करें, जो तत्काल उस पर कार्रवाई करेंगे। पीठ ने कहा, ''हम तेलंगाना के मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देते हैं कि जब तक इस न्यायालय द्वारा अगला आदेश पारित नहीं किया जाता है, कांचा गाचीबोवली वन क्षेत्र में पेड़ों की कटाई की अनुमति नहीं दी जाएगी।''

### हाई कोर्ट की सुनवाई पर रोक नहीं

पीठ को बताया गया कि तेलंगाना उच्च न्यायालय भी इसी मामले पर सुनवाई कर रहा है। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने कहा, '' हम यह स्पष्ट करते हैं कि हम तेलंगाना उच्च न्यायालय में जारी कार्यवाही पर रोक नहीं लगा रहे हैं।''

### 'जंगल की जमीन' बचाने के लिए तेलंगाना सरकार से भिड़ रहे छात्र

हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्रों का दावा है कि विवादित इलाके में वनस्पतियों और जीवों की 450 से ज्यादा प्रजातियां हैं। मगर सरकार उस जमीन को जंगल नहीं मानती है लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने वहां पेड़ गिराने पर रोक लगा दी है।

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में 400 एकड़ जमीन को लेकर विवाद हो रहा है। यह जमीन हैदराबाद विश्वविद्यालय के पास स्थित है। विश्वविद्यालय और राज्य सरकार दोनों इस जमीन पर अपना दावा कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राज्य सरकार आईटी पार्क बनाने के लिए इस जमीन को खाली करवाना चाहती है। वहीं, विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं और पर्यावरण कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह जंगल की जमीन है और इसे साफ करने से पर्यावरण को नुकसान होगा।




## सीबीएसई कक्षा 10 वीं और 12 वीं स्पेशल परीक्षा की डेटशीट जारी

**नई दिल्ली,03 अप्रैल 2025(ए)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले 10 वीं और 12 वीं कक्षा के छात्रों के लिए विशेष परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। यह डेटशीट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट सीबीएसई.जीओव्ही. आईएन पर उपलब्ध है। 10 वीं की परीक्षाएं 7 अप्रैल से शुरू होकर 11 अप्रैल तक चलेंगी, जबकि 12वीं की परीक्षा सिर्फ 11 अप्रैल को होगी।

### सिंगल शिफ्ट में होंगी परीक्षाएं

सीबीएसई के अनुसार, ये परीक्षाएं एकल शिफ्ट में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित की जाएंगी। छात्रों को परीक्षा केंद्र पर सुबह 10 बजे तक पहुंचना अनिवार्य होगा। पेपर पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इन परीक्षाओं के लिए अलग से एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे।

### 10वीं कक्षा का शेड्यूल

7 अप्रैल 2025:अंग्रेजी, हिंदी कोर्स 'ए',फ्रेंच

8 अप्रैल 2025: विज्ञान

9 अप्रैल 2025: सामाजिक विज्ञान, मल्टी स्किल फाउंडेशन कोर्स

11 अप्रैल 2025: हिंदी कोर्स 'बी', संस्कृत

### 12 वीं कक्षा का शेड्यूल

11 अप्रैल 2025:अंग्रेजी कोर, केमिस्ट्री, फिजिकल एजुकेशन, हिंदी इलेक्टिव,हिंदी कोर

## सुप्रीम कोर्ट के जजों ने अपनी संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करने का फैसला किया



**नई दिल्ली,03 अप्रैल 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने अपनी संपत्ति सार्वजनिक करने का ऐलान किया है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना को भी अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करना होगा. सुप्रीम कोर्ट की फुल कोर्ट ने यह तय किया है कि जजों को पद संभालते ही अपनी संपत्तियों का पूरा ब्योरा सार्वजनिक करना चाहिए।

सीजेआई और जज अपनी संपत्तियों का पूरा ब्योरा स्वेच्छा से सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर सार्वजनिक करेंगे। मौजूदा समय में सीजेआई सहित सुप्रीम कोर्ट में कुल 30 जजों ने अपनी संपत्तियों का ब्योरा सार्वजनिक किया है। इनमें सीजेआई संजीव खन्ना से लेकर जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस अभय एस ओक,जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस बीवी नागरत्ना जैसे जज शामिल हैं।




## इस विधेयक को जबरन किया गया पारित

**नई दिल्ली,03 अप्रैल 2025(ए)।** लंबी चर्चा के बाद आखिरकार देर रात दो बजे वक्फ (संशोधन) विधेयक पेश हो गया है। इस बिल के पक्ष में 288 वोट डाले गए जबकि विरोध में 232 वोट डाले गए। लेकिन इसी बीच कांग्रेस की अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने अपनी प्रतिक्रियां दी है।कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने कहा कि कल लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 पारित हो गया। इस विधेयक को जबरन पारित किया गया।

## तेजस्वी यादव का केंद्र और बिहार सरकार पर बड़ा हमला

**पटना,03 अप्रैल 2025 (ए)।** लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल के पारित होने पर तेजस्वी यादव ने अपनी प्रतिक्रिया दी है. आज गुरुवार (3 अप्रैल) को पटना में मीडिया कर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि, हम लोग वफ्फ बोर्ड संशोधन बिल का शुरू से विरोध कर रहे हैं। दोनों सदनों में हम लोगों ने जमकर विरोध किया है. शुरू से हम लोगों का स्टैंड एक ही रहा है।



### भ्रष्ट अधिकारियों को मिल रहा मलाईदार पोस्ट

तेजस्वी यादव ने इस दौरान नीतीश सरकार पर भी जमकर निशाना साधा और कहा कि, बिहार में डबल इंजन की सरकार है। एक तरफ भ्रष्टाचार का इंजन लगा हुआ है,तो दूसरे तरफ अपराध का इंजन लगा हुआ है। जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है, जो भ्रष्ट अधिकारी हैं, उन्हें सीएम हाउस में मलाईदार पोस्ट दिया जा रहा है। पूरे बिहार में अधिकारियों का तबादला बिना डीके टैक्स दिए हुए नहीं हो रहा है।जनता सब देख रही है।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने रेप केस में शख्स को किया बरी

**नई दिल्ली,03 अप्रैल 2025(ए)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि डीएनए रिपोर्ट से केवल पितृत्व साबित होता है, सहमति का अभाव नहीं। इसी के साथ अदालत ने रेप के जुर्म में 10 साल की जेल की सजा पाने वाले शख्स को बरी कर दिया। जस्टिस अमित महाजन ने कहा कि डीएनए रिपोर्ट से भले ही यह साबित हो गया कि महिला की कोख से जन्मे शिशु का जैविक पिता आरोपी ही है, लेकिन गर्भावस्था अकेले रेप का अपराध सिद्ध




करने के लिए 'पर्याप्त नहीं' है, जब तक कि यह भी न साबित किया जाए कि संबंध सहमति के बिना बनाया गया था।

## बांग्लादेशियों ने बीएसएफ जवानों पर किया हमला

### एक जवान बुरी तरह घायल, घुसपैठियों को खदेड़ा गया

**ढाका,,03 अप्रैल 2025 (ए)।** बांग्लादेशी लोगों की ओर से भारत में घुसपैठ की कोशिशें लगातार जारी हैं। इनका मनोबल इतना ज्यादा बढ़ता जा रहा है कि ये बीएसएफ के जवानों पर हमले भी कर रहे हैं। दरअसल, पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में दक्षिण बंगाल सीमांत में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बांग्लादेशी घुसपैठियों ने एक बार फिर हिंसक हमला कर सीमा पार करने की कोशिश की है। भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की 194 वीं



बटालियन की सीमा चौकी महेंद्र में तैनात बहादुर जवानों ने इस जानलेवा हमले का साहसपूर्वक सामना किया। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, बहादुर जवानों ने संयम बनाए रखा और घुसपैठियों की योजना विफल कर दिया। अपराधियों द्वारा मजबूर करने पर जवानों ने आत्मरक्षा में फायरिंग कर सभी घुसपैठियों को वापस बांग्लादेश में खदेड़ दिया। जबरन घुसपैठ के इस प्रयास को विफल करने के साहसिक सफल प्रयास में बीएसएफ का एक जवान भी अपराधियों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया।

## संपादकीय

# भारत को घुसपैठ से राहत मिलेगी

अप्रवास और विदेशियों विषयक विधायक 2025 अंततः लोक सभा से पारित हो गया। इधर के दिनों में विशेषकर भारत में बांग्लादेश में रोहिंग्या की भारी घुसपैठ के कारण इस विधायक की जरूरत ज्यादा ही महसूस की जा रही थी। कुछ एजेंटों तथा सक्रिय निहित स्वार्थ के कारण इन दोनों समुदायों के लोग भारत में आकर न केवल भारतीय पहचान पत्र बनवाने में सफल हो जाते हैं बल्कि अपने लिए अस्थाई और अस्थाई अजीविका भी तलाश लेते हैं। अगर मामला यहीं तक सीमित होता तब भी गनीमत थी,लेकिन इन समुदायों के लोग सामान्य से लेकर गंभीर अपराधों तक और यहां तक की भारत-विरोधी गतिविधियों में भी लिप्त पाए गए हैं। भारत सरकार तथा भारतीय हितों के पोषक लोग लंबे समय से इनके खतरे के प्रति आगाह भी करते रहे हैं और इसे नियंत्रित करने के प्रयासों पर चर्चा करते रहे हैं। इन्हीं सब की परिणति है यह नया विधेयक। इस विधेयक पर चर्चा करते हुए गृह मंत्री अमित शाह की इस बात से असहमत नहीं हुआ जा सकता कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है कि कोई भी यहां चला आए, बस जाए और बिना किसी रोक-टोक के जो मन आए करता रहे। वास्तविक समस्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की नहीं बल्कि उनकी है जो उनके आगमन को संभव बनाते हैं। उनके रहने और रोजगार की व्यवस्था करते हैं और फिर उन्हें भारत विरोधी गतिविधियों का हिस्सा बनते हैं।अब देखना है कि इस नाम इस कानून के लागू होने के बाद किस तरह से घुसपैठियों पर रोक लगेगी और किस तरह से उनके विरु द्ध कार्रवाई होगी जो भारत में घुसपैठ को सुगम बनाते हैं। याद रखना चाहिए कि इन घुसपैठियों की मदद करने वाले तथा इन्हें भारत में बसने के दस्तावेज उपलब्ध कराने वालों का एक वृहद तंत्र है जो समूचे भारत में फैला हुआ है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि गृह मंत्री ने इस घुसपैठ को रोकने में सहयोग करने का आरोप पश्चिम बंगाल की सरकार पर भी लगाया है। उन्होंने कहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के पास जो आधार कार्ड मिलते हैं वह पश्चिम बंगाल में 24 परगना जिले के होते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि यह नया कानून और गृह मंत्री के प्रयास सही परिणति तक पहुंचेंगे, भारत को घुसपैठ से राहत मिलेगी और धर्मशाला खाली होगा।

नवरात्रि का पवित्र छठा दिवस

# माता का छठा भव्य,विराट स्वरूप माँ कात्यायनी



**संजीव ठाकुर,**
रायपुर छत्तीसगढ़



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती (शक्ति) के नौ रूपों में छठवें रूप में अबतरित हुई है। यह अमर कोष में पार्वती के लिए दूसराआ नाम है, संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी,काली, हैमावती, ईश्वरी इन्हीं के अन्य पवित्र नाम भी उल्लेखित हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी उच्चारित किया जाता है। यजुर्वेद के तैत्तिरीय आरण्यक में उनका उल्लेख प्रथमतः किया है।

स्कंद पुराण में उल्लेख है कि वे परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से उत्पन्न हुई थी, जिन्होंने देवी पार्वती द्वारा दिए गये सिंह पर आरूढ़ होकर महिषासुर का वध किया था। वे शक्ति की आदि रूपा है, जिसका उल्लेख पाणिनि पर पतांजलि के महाभाष्य में किया गया है, जिसे दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में लिखी गयी थी। उनका वर्णन देवी-भागवत पुराण,और मार्कंडेय ऋषि द्वारा रचित मार्कंडेय पुराण के देवी महात्म्य में किया गया है जिसे 400 से 500 ईसा में लिपि बद्ध किया गया था। बौद्ध और जैन ग्रंथों और कई तांत्रिक ग्रंथों,

विशेष रूप से कालिका-पुराण (10वीं शताब्दी) में उनका उल्लेख है, जिसमें उद्यान या उड़ीसा में देवी कात्यायनी और भगवान जगन्नाथ का स्थान बताया गया है।परंपरागत रूप से देवी दुर्गा की तरह वे लाल रंग से जुड़ी हुई हैं। नवरात्रि उत्सव के षष्ठी में उनकी पूजा की जाती है। उस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित होता है। योगसाधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक माँ कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करने वाले ऐसे भक्तों को सहज भाव से माँ के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं। माँ का नाम कात्यायनी कैसे पड़ा इसकी भी एक कथा है-कत नामक एक प्रसिद्ध महर्षि थे। उनके पुत्र ऋषि कात्य हुए। इन्हीं कात्य के गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुए थे। इन्होंने भगवती पराम्बा की उपासना करते हुए बहुत वर्षों तक बड़ी कठिन तपस्या की थी। उनकी इच्छा थी माँ भगवती उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लें। माँ भगवती ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली।

कुछ समय पश्चात जब दानव महिषासुर का अत्याचार पृथ्वी पर बढ़ गया तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों ने अपने-अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया।

महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की। इसी के फलस्वरुप यह कात्यायनी कहलाईं। ऐसी भी कथा मिलती है कि ये महर्षि कात्यायन के वहाँ पुत्री रूप में उत्पन्न हुई थीं।

आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्त सप्तमी, अष्टमी तथा नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन ऋषि की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था।माँ कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पतिरूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा कालिन्दी-यमुना के तट पर की थी। ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। माँ कात्यायनी का स्वरूप अत्यंत तेजस्वी और भास्वर है। इनकी चार भुजाएँ हैं। माता जी का दाहिनी तरफ का ऊपर वाला हाथ अभय मुद्रा में तथा नीचे वाला वरमुद्रा में है। बाईं तरफ के ऊपरवाले हाथ में तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल-पुष्प सुशोभित है। इनका वाहन सिंह है।माँ कात्यायनी की भक्ति और उपासना द्वारा मनुष्य को बड़ी सरलता से अर्थ,धर्म,काम,मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति हो जाती है। वह इस लोक में स्थित रहकर भी अलौकिक तेज और प्रभाव से युक्त हो जाता है।

नवरात्रि का छठा दिन माँ कात्यायनी की उपासना का दिन होता है।

इनके पूजन से अद्‌भुत शक्ति का संचार होता है व दुश्मनों का संहार करने में ये सक्षम बनाती हैं।

इनका ध्यान गोधुली बेला में करना होता है। प्रत्येक सर्वसाधारण के लिए आराधना योग्य यह श्लोक सरल और स्पष्ट है। माँ जगदम्बे की भक्ति पाने के लिए इसे कंठस्थ कर नवरात्रि में छठे दिन इसका जाप करना चाहिए।

या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः

अर्थ : हे माँ ! सर्वत्र विराजमान और शक्ति -रूपिणी प्रसिद्ध अम्बे,आपको मेरा बार-बार प्रणाम है।

या मैं आपको बारंबार प्रणाम करता हूँ। इसके अतिरिक्त जिन कन्याओ के विवाह में विलम्ब हो रहा हो, उन्हें इस दिन माँ कात्यायनी की उपासना अवश्य करनी चाहिए, जिससे उन्हे मनोवान्छित वर की प्राप्ति होती है। विवाह के लिये कात्यायनी मन्त्रः-

ॐ कात्यायनी महामाये महायोगिन्यधीश्वरि !
नंदगोपसुतम् देवि पतिम् मे कुरुते नमः।।

माँ को जो सच्चे मन से याद करता है उसके रोग, शोक,संताप,भय आदि सर्वथा विनष्ट हो जाते हैं। जन्म-जन्मांतर के पापों को विनष्ट करने के लिए माँ की शरणागत हो कर उनकी पूजा-उपासना के लिए तत्पर होना चाहिए। जय माता कात्यायनी की जय।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# भंवरों की देवी है जीण माता



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू,राजस्थान





राजस्थान के सीकर-जयपुर मार्ग पर गोरिया के पास जीणमाता गांव में देवी स्वरूपा जीण माता का प्राचीन मंदिर बना हुआ है। जीण माता का वास्तविक नाम जयन्ती माता है। माता दुर्गा की अवतार है। यह मंदिर शक्ति की देवी को समर्पित है। घने जंगल से घिरा हुआ है यह मंदिर तीन छोटी पहाड़ों के संगम पर स्थित है। जीण माता का यह मन्दिर बहुत प्राचीन शक्ति पीठ है। जीण माता का मंदिर दक्षिण मुखी है। लेकिन मंदिर का प्रवेश द्वार पूर्व में है। मंदिर की दीवारों पर तांत्रिकों व वाममार्गियों की मूर्तियां लगी है। जिससे यह भी सिद्ध होता है कि उक्त सिद्धांत के मतावलंबियों का इस मंदिर पर कभी अधिकार रहा है या उनकी यह साधना स्थली रही है।

मंदिर के देवायतन का द्वार सभा मंडप में पश्चिम की ओर है। यहां जीण भगवती की अष्टभुजी आदमकद मूर्ति प्रतिष्ठापित है। सभा मंडप पहाड़ के नीचे है। मंदिर में ही एक और मंदिर है जिसे गुफा कहा जाता है। जहां जगदेव पंवार का पीतल का सिर और कंकाली माता की मूर्ति है। मंदिर के पश्चिम में महात्मा का तप स्थान है जो धुणा के नाम से प्रसिद्ध है। लोगों का मानना है कि यह मंदिर एक हजार साल पुराना है। लेकिन कई इतिहासकार आठवीं सदी में जीण माता मंदिर का निर्माण काल मानते हैं। मंदिर में अलग-अलग आठ शिलालेख लगे हैं जो मंदिर की प्राचीनतम के सबल प्रमाण है। उपरोक्त शिलालेखों में सबसे पुराना शिलालेख संवत 1029 का है। जिस पर उसमें मंदिर के निर्माण का समय नहीं लिखा गया है। इसलिए यह मंदिर उससे भी अधिक प्राचीन है। चैहान चन्द्रिका नामक पुस्तक में इस मंदिर का 9 वीं शताब्दी से पूर्व के आधार मिलते हैं।एक जनश्रुति के अनुसार देवी जीण माता ने सबसे बड़ा चमत्कार मुगल बादशाह औरंगजेब को दिखाया था। औरंगजेब ने शेखावाटी के मंदिरों को तोड़ने के लिए एक विशाल सेना भेजी थी। यह सेना हर्ष पर्वत पर शिव व हर्षनाथ भैरव का मंदिर खंडित कर जीण मंदिर को खंडित करने आगे बढ़ी तो कहते है कि मन्दिर के पुजारियों के आर्त स्वर में मां से विनय करने पर मां जीण ने भंवरे (बड़ी मधुमखियां) छोड़ दी जिनके आक्रमण से औरंगजेब की शाही सेना लहूलुहान हो भाग खड़ी हुई। कहते है स्वयं बादशाह की हालत बहुत गंभीर हो गई। तब बादशाह ने हाथ जोड़ कर मां जीण से क्षमा याचना कर मां के मंदिर में अखंड दीप के लिए दिल्ली से सवामण तेल भेजने का वचन दिया। कई वर्षो तक माता के मन्दिर में दीपक के लिये दिल्ली से तेल आता रहा फिर दिल्ली के बजाय जयपुर से आने लगा। बाद में जयपुर महाराजा ने इस तेल को मासिक के बजाय वर्ष में दो बार नवरात्रों के समय भिजवाना आरम्भ कर दिया। और महाराजा मान सिंह जी के समय तेल के स्थान पर नगद 20 रु. 3 आने प्रतिमाह कर दिए। जो निरंतर प्राप्त होते रहे। औरंगजेब को चमत्कार दिखाने के बाद जीण माता भंवरों की देवी भी कही जाने लगी।

हमारे देश में दुर्गा मां को शक्ति की देवी के रूप में पूजा जाता है। दुर्गा मां के कई रूप और अवतार हैं। पूरे भारत में नवरात्रा के अवसर पर माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ती है। आस्था से भरे इस देश में माता का स्थान सबसे ऊपर है। जीण माता देवी शक्ति है जो सदियों से लेकर आज तक लगातार आराध्य देवी के रूप में पूजी जाती हैं। जीण माता मंदिर में हर वर्ष चैत्र सुदी एकम् से नवमी (नवरात्रा में) व आसोज सुदी एकम से नवमी में दो विशाल मेले लगते हैं। जिनमे देश भर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते है। जीणमाता मेले के अवसर पर राजस्थान के बाह्य अंचल से भी अनेक लोग आते हैं। मन्दिर में बारह मास अखण्डदीप जलता रहता है। हर मंदिर के कपाट चंद्र ग्रहण के दौरान बंद रहते हैं। इसका कारण यह है कि चंद्र ग्रहण के दौरान नकारात्मक शक्तियां बढ़ जाती हैं और सकारात्मक शक्तियां कमजोर पड़ जाती हैं। इसलिए मान्यता है कि अगर मंदिर के कपाट खुले रखेंगे तो मंदिर में बुरी शक्तियों का वास होगा। लेकिन शक्तिपीठ जीण माता मंदिर के कपाट हमेशा खुले रहते हैं। इस मंदिर के कपाट कभी भी बंद नहीं होते हैं। राजस्थान का यह एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां 24 घंटे भक्त मां जीण भवानी के दर्शन करते हैं।

लोक कथाओं के अनुसार जीण माता का जन्म अवतार राजस्थान के चूरू जिले के घांघू गांव के अधिपति एक चौहान वंश के राजा घंघ के घर में हुआ था। जीण माता के बड़े भाई का नाम हर्ष था। माता जीण को शक्ति का अवतार माना गया है और हर्ष को भगवान शिव का अवतार माना गया है। कहते हैं कि दोनों बहन भाइयों में बहुत स्नेह था। लेकिन किसी बात पर दोनों मनमुटाव हो गया। तब जीण माता यहां आकर तपस्या करने लगी। पीछे-पीछे हर्षनाथ भी अपनी लाडली बहन को मनाने के लिए आए। लेकिन जीण माता जिद कर साथ जाने से मना कर दिया। हर्षनाथ का मन बहुत उदास हो गया और वे भी वहां से कुछ दूर जाकर तपस्या करने लगे। दोनों भाई बहन के बीच हुई बातचीत का सुलभ वर्णन आज भी राजस्थान के लोक गीतों में मिलता है। भगवन हर्षनाथ का भव्य मन्दिर आज भी राजस्थान की अरावली पर्वतमाला में स्थित है।

जीण भवानी की सुबह चार बजे मंगला आरती होती है। आठ बजे श्रृंगार के बाद आरती होती है व सायं सात बजे आरती होती है। दोनों आरतियों के बाद भोग (चावल) का वितरण होता है। माता के मन्दिर में प्रत्येक दिन आरती समयानुसार होती है। चन्द्रग्रहण और सूर्य ग्रहण के समय भी आरती अपने समय पर होती है। हर महीने शुक्ल पक्ष की अष्टमी को विशेष आरती व प्रसाद का वितरण होता है। माता के मन्दिर के गर्भ गृह के द्वार (दरवाजे) 24 घंटे खुले रहते हैं। केवल श्रृंगार के समय पर्दा लगाया जाता है। हर वर्ष शरद पूर्णिमा को मन्दिर में विशेष उत्सव मनाया जाता है। जीणमाता मंदिर से काजल शिखर की 300 फीट ऊंचाई पर है। बुजुर्ग, दिव्यांग, महिलाओं,बच्चों का यहां पहुंच पाना मुश्किल रहता था। इन सबकी सुविधा के लिए अब रोप वे शुरू हो गया है। शिखर तक पहुंचने में अब तक 2 घंटे लगते थे। लेकिन रोप वे से ये दूरी 5 मिनट में तय हो जाती है।

# आपदा-विपदा में परस्पर सहयोग हो

म्यांमार में भयावह भूकंप आया! शायद ही कभी मालूम पड़े कि हजारों मरे या लाखों! लाखों का जुमला इसलिए है कि 7.7 तीव्रता के झटकों की मौतों, घायलों और बरबादी का म्यांमार में हिसाब रखने वाला है कौन यह वह देश है,जहां दशकों से भेड़ियों का सैनिक शासन है। लोग बेचारे बौद्ध हैं और वे आजादी के बाद से ज्यादातर समय तानाशाही में जी रहे हैं। इनमें वह कोई जिंदादिली, गुर्दा नहीं है जो बतौर मनुष्य अपने आप पर सोच सकें कि वे कैसे जी रहे हैं। कथित ताकतपूर्ण सैनिक शासन के बावजूद म्यांमार के कई इलाकों में अलग-अलग नस्ली, बागी संगठनों के शासन बाड़े हैं। इसी के चलते थाईलैंड की सीमा से लगे इलाके में चीनी माफियाओं, अपराधी गिरोहों के ऐसे सेंटर हैं, जहां इंडोनेशिया, फिलीपीन, भारत आदि के बेरोजगार लड़के-लड़कियां नौकरी के झांसे में फंसे बंधुआ हैं। उनसे फोन करवा फ्रॉड होता है। फिर रोहिंग्या मुसलमानों के इलाके हैं, जहां से लाखों लोगों को सेना ने म्यांमार से भगाया है। वे बांग्लादेश के शरणार्थी कैंपों से लेकर भारत में मुंबई,दिल्ली तक फैले हुए हैं। बहरहाल, भूकंप की खबर आई तो म्यांमार की मदद के लिए कोई नहीं दौड़ा। कहीं चिंता नहीं हुई। खबर में बैंकॉक के विजुअल ज्यादा दिखे। इसलिए क्योंकि पहली बात म्यांमार के सैनिक तानाशाहों ने दुनिया से नाता नहीं रखा है। उनकी पटरी चीन, रूस जैसे तानाशाह देशों से ही पटती है। फिर देश में मीडिया के नाम पर जो है वह सरकारी है। म्यांमार विश्व बिरादरी में अछूत है। इसलिए भूकंप की खबर के बाद वैश्विक प्रतिक्रिया में यह भाव था आया होगा भूकंप, हमें क्या लेना !ध्यान रहे चीन, रूस और भारत के मदद के लिए आगे आने जैसी बातों का अर्थ नहीं है। मगर नेपाल काफी हद तक अब चीनपरस्त है। बांग्लादेश में क्या हो रहा है, इसका हमें ताजा अनुभव हैं। उसके पास अब चीन की पूंछ पकडऩे के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

**-हरिशंकर व्यास-**



कविता

## रिश्ता नहीं सुधारती

घटती-घटना



**चंद्रकांत खूंटे**
जांजगीर चांपा
छत्तीसगढ़

मैंने देखा है स्त्री को
एक सफल पुरुष को चुनती हुई
समय-बेसमय कुछ कमी हो जाने पर
पति को खूब धुनती हुई
भले मायके में रहे हो
खुद अभावग्रस्त
फटे-मैले पहनते रहे हो...वस्त्र
खा लेते हो जैसे-तैसे
किंतु शादी के बाद
वह नही रहती वैसे
पुरुषों ने माफ किया है
स्त्रियों के अनेक गलतियों को
पर पुरुष कर दे कोई गलती
तो वह रिश्ता नही सुधारती
अलग हो जाती है
मुकर जाती वचनों से
गैर बन जाती है अपनों से
और ले लेती है...तलाक़
चाँटा मारती सी तपाक-तपाक ।।

कविता

## रिश्ता

घटती-घटना



**कृष्णा चौहान**
बरमकेला
सारंगढ़ बिलाईगढ़,
छत्तीसगढ़

अपनों का साथ,
कभी नहीं छोड़ना हैं।
अपनों पे हमेशा,
विश्वास रखना हैं।
चीनी और पानी जैसे,
घुल मिल जाना हैं।
अपनों के सुख दुःख में,
साथ निभाना हैं।
दिल से रिश्ता को ,
बनाएं रखना हैं।
जो अपने होते हैं,
वही साथ दे पाते हैं।
रिश्ता से हैं रौनक,
प्रेम से खुशी मिलता हैं।
बांधे प्यार की डोर,
रिश्ता अनमोल होता हैं।
ज़िंदगी दो पल की हैं,
घमंड नहीं करना हैं।
ये धन दौलत छूट जायेंगे,
एक दिन तो जाना हैं!
दिल से रिश्ता को,
बनाएं रखना हैं।
कभी अनदेखा,
नहीं करना हैं।

# भ्रष्टाचार पर लगाम और पारदर्शिता की नई पहल



**प्रियंका सौरभ**
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

## वक्फ संशोधन बिल 2024:पारदर्शिता और जवाबदेही की ओर एक क्रांतिकारी कदम

वक्फ संशोधन बिल 2024 लोकसभा में पारित हुआ,जिसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है। भारत में वक्फ बोर्ड के अंतर्गत लाखों एकड़ भूमि आती है, लेकिन वर्षों से इसके दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप लगते रहे हैं। यह बिल वक्फ बोर्डों की मनमानी पर रोक लगाने, संपत्तियों का सही उपयोग सुनिश्चित करने और कानूनी विवादों के समाधान में मदद करेगा। हालांकि, कुछ चुनौतियाँ भी सामने आ सकती हैं, जैसे वक्फ बोर्डों का विरोध और नए तंत्र का प्रभावी क्रियान्वयन। यदि यह कानून प्रभावी रूप से लागू होता है, तो यह वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों को कम करने और पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

भारत में वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवाद और भ्रष्टाचार के आरोप लंबे समय से चर्चा का विषय रहे हैं। देश में लाखों एकड़ भूमि वक्फ बोर्ड के अंतर्गत आती है,जिसका उद्देश्य धार्मिक और सामाजिक कल्याण कार्यों के लिए संपत्तियों का उपयोग करना है। हालांकि, समय के साथ यह देखा गया कि वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन पूरी तरह पारदर्शी नहीं रहा, और कई मामलों में अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप सामने आए हैं। लोकसभा में हाल ही में पारित वक्फ संशोधन बिल 2024 से उम्मीद की जा रही है कि यह बिल वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाएगा और आम नागरिकों, खासकर उन किरायेदारों को राहत प्रदान करेगा, जो वर्षों से इन संपत्तियों में रह रहे हैं या उनसे जुड़े कानूनी विवादों का सामना कर रहे हैं।

### वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवाद और समस्याएँ




भारत में वक्फ अधिनियम 1995 के तहत वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन किया जाता है। इस कानून के तहत बनाई गई वक्फ बोर्डों को अत्यधिक शक्तियाँ प्रदान की गईं, जिससे वे अपने अधीन संपत्तियों का नियंत्रण कर सकें। हालाँकि, इस प्रबंधन में पारदर्शिता की कमी और मनमानी फैसलों के चलते कई विवाद उत्पन्न हुए। वक्फ बोर्ड के पास मौजूद कानूनी अधिकारों के कारण कई स्थानों पर उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। रिपोर्टों के अनुसार,कई मामलों में वक्फ बोर्ड अधिकारियों द्वारा संपत्तियों को मनमाने ढंग से लीज़ पर देना, कब्जे खाली करवाना, और बिना उचित प्रक्रिया के संपत्ति बेचने जैसे फैसले लिए गए हैं। हजारों किरायेदार दशकों से वक्फ संपत्तियों में रह रहे हैं। लेकिन कई बार वक्फ बोर्डों ने पुराने किरायेदारों को कानूनी सुरक्षा प्रदान नहीं की, बल्कि उन्हें संपत्तियों से बाहर निकालने की कोशिश की। ऐसे मामलों में कई परिवारों को कानूनी लड़ाइयों में उलझना पड़ा, और कुछ मामलों में जबरन बेदखली भी देखी गई। वक्फ संपत्तियों की खरीद,बिक्री,और लीज़ में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की शिकायतें आई हैं। कई रिपोर्टें बताती हैं कि वक्फ संपत्तियों को बाजार मूल्य से बहुत कम कीमतों पर बेचा गया या फिर बिना उचित प्रक्रिया के इसे राजनीतिक और व्यावसायिक हितधारकों को सौंप दिया गया। वर्तमान वक्फ कानून में कई अस्पष्टताएँ थीं, जिससे कानूनी विवाद बढ़ते गए। वक्फ संपत्तियों से जुड़े मामलों को सुलझाने के लिए कोई स्पष्ट कानूनी प्रक्रिया नहीं थी, जिससे विवाद लंबित रह जाते थे और पीड़ित पक्ष को न्याय पाने में वर्षों लग जाते थे।

### वक्फ संशोधन बिल 2024:क्या हैं... प्रमुख बदलाव ?

लोकसभा में पारित वक्फ संशोधन बिल 2024 का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। इस बिल में यह प्रावधान किया गया है कि वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली की निगरानी और सरकारी हस्तक्षेप को बढ़ाया जाएगा,ताकि संपत्तियों के दुरुपयोग को रोका जा सके। संशोधन के तहत पुराने किरायेदारों को अधिक कानूनी सुरक्षा दी जाएगी,जिससे उन्हें जबरन निष्कासन का सामना न करना पड़े। वक्फ संपत्तियों की लीज़, बिक्री, या हस्तांतरण में पारदर्शिता लाने के लिए नई निगरानी एजेंसियाँ बनाई जाएँगी। इसके अलावा, सभी सौदों की डिजिटल रिकॉर्डिंग और पारदर्शी ऑडिटिंग की व्यवस्था की जाएगी। वक्फ संपत्तियों से जुड़े कानूनी विवादों के निपटारे के लिए विशेष न्यायाधिकरण बनाए जाने का प्रस्ताव है। इससे मामलों का त्वरित समाधान हो सकेगा और आम नागरिकों को लंबे समय तक अदालतों में भटकना नहीं पड़ेगा। वक्फ संशोधन बिल 2024 के लागू होने से भारत में वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों को सुलझाने और पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह संशोधन सुनिश्चित करेगा कि वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में किसी भी प्रकार की धांधली न हो और सभी लेन-देन को सार्वजनिक किया जाए। नए कानून के तहत पुराने किरायेदारों को सुरक्षा मिलेगी और उनके निष्कासन की प्रक्रिया को कानूनी दायरे में लाया जाएगा। नए निगरानी और ऑडिट तंत्र से वक्फ संपत्तियों से जुड़े घोटालों को रोका जा सकेगा। न्यायाधिकरणों के माध्यम से वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों का त्वरित समाधान किया जा सकेगा। हालाँकि, इस बिल के प्रभावी कार्यान्वयन में कुछ चुनौतियाँ भी हो सकती हैं; कुछ वक्फ बोर्ड इस संशोधन का विरोध कर सकते हैं, क्योंकि इससे उनकी शक्ति और स्वायत्तता पर प्रभाव पड़ सकता है। निगरानी और ऑडिटिंग तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करने में समय लग सकता है। संभावना है कि कुछ समूह इस संशोधन को अदालत में चुनौती दे सकते हैं, जिससे इसके क्रियान्वयन में देरी हो सकती है।वक्फ संशोधन बिल 2024 भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यदि इस कानून को प्रभावी रूप से लागू किया गया, तो यह न केवल वक्फ संपत्तियों के सही उपयोग को सुनिश्चित करेगा, बल्कि भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगाएगा। हालांकि, यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस कानून को व्यवहारिक रूप से कैसे लागू किया जाता है और सरकार इस पर किस तरह की निगरानी रखती है। यदि सभी प्रावधान सही तरीके से अमल में लाए जाते हैं, तो यह बिल वक्फ संपत्तियों के प्रशासन को एक नई दिशा देने में सक्षम होगा।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# आरक्षक के घर से एके-47 और 90 जिंदा कारतूस की चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

शहर के गांधीनगर निवासी आरक्षक के घर से एके-47 रायफल व 90 कारतूस के अलावा कैश व सोने-चांदी के जेवर की चोरी का मामला सामने आया है। आरक्षक बलरामपुर जिला पंचायत के सीईओ का गनमैन है। वह मंगलवार को घर आया था तथा एके-47 व कारतूस घर में रखकर परिवार सहित गृहग्राम गया था। इसी बीच यह वारदात हो गई। आरक्षक की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।





शहर के गांधीनगर निवासी आशीष तिर्की आरक्षक है। उसकी पदस्थापना फिलहाल बलरामपुर जिला पंचायत सीईओ के गनमैन की रूप में है। मंगलवार को वह बलरामपुर से घर आया था। इस दौरान उसने उसे आवंटित एके-47 रायफल व 90 जिंदा कारतूस घर में छोड़ रखा था। मंगलवार को ही वह अपने परिजनों के साथ अपने गृहग्राम जशपुर जिला चला गया था। वहां से बुधवार की रात लौटा तो देखा कि घर का ताला खुला हुआ है। भीतर जाकर देखा तो एके-47 रायफल व 90 कारतूस,कैश तथा सोने-चांदी के जेवर गायब हैं। रात में ही आरक्षक ने मामले की सूचना गांधीनगर थाने में दी। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आरक्षक ने पुलिस को बताया कि उसने ताला बंद कर चाबी किचन के फ्रिज में रख दी थी। चोरों द्वारा ताला खोलने के बाद फ्रिज से चाबी निकालकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। वहीं पुलिस आशंका जता रही है कि किसी परिचित की यह करतूत हो सकती है, क्योंकि फ्रिज में चाबी होने की जानकारी उसे पहले से थी। गुरुवार की दोपहर एडिशनल एसपी अमोलक सिंह ढिल्लो समेत फॉरेंसिक टीम आरक्षक के घर जांच करने पहुंची। आरक्षक के घर पर सीसीटीवी कैमरा भी लगा है। पुलिस उसे खंगाल रही है। यह भी बात सामने आ रही है कि आरक्षक छुट्टी लेकर आया था या नहीं। यदि छुट्टी लेकर आया था तो उसे नियमतः पुलिस लाइन में हथियार जमा करना था। यदि छुट्टी लेकर नहीं आया था तो क्या वजह थी कि उसने घर पर एके-47 रखा था।

## लूट की घटना में शामिल एक और आरोपी गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

सीतापुर में लूट की घटना में शामिल तीसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार किए जा चुके हैं। हथियार से लैस नकाबपोश बदमाशों ने 27 फरवारी की रात को राधेश्याम गुप्ता के घर में घुसकर नकदी सहित 13 लाख के जेवरात लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार राधेश्याम गुप्ता सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम नवापारा का रहने वाला है। वह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 फरवरी की रात करीब 1.30 बजे हथियार से लैस तीन नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर परिवार के सदस्यों को बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। बदमाशों ने नकदी सहित 13 लाख के जेवरात लूटकर फरार हो गए थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने शवा उर्फ डेविड एक्का एवं लखन उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज चुका है। वहीं घटना में शामिल चक्कू उर्फ तीरंदाज टोप्पो फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी घोघर ऐतवाटोली थाना कासाबेलजिला जशपुर का रहने वाला है। आरोपी चोरी की अंगूठी को रिशु सोनी से बेच दिया था। जिसे पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने खरीदार रिशु सोनी को बीएनएसएस की धारा अंतर्गत नोटिस दिया गया है। वहीं गिरफ्तार आरोपी चक्कू उर्फ तीरंदाज के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## ट्रांसपोर्टर पर जानलेवा हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार,2 अभी भी हैं फरार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

6 दिन पूर्व शहर के शिवधारी कॉलोनी स्थित रिंग रोड पर ट्रांसपोर्टर संजय सिंह की बर्बरता से पिटाई की गई थी। इसी बीच गांधीनगर पुलिस ने बुधवार को एक आरोपी को बिलासपुर से गिरफ्तार किया था,वहीं मुख्य आरोपी वसीम कुरैशी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले के अन्य 2 आरोपी अभी भी फरार हैं।



सूरजपुर निवासी ट्रांसपोर्टर संजय सिंह 28 मार्च की रात करीब 10 बजे थार वाहन से रामानुजगंज चौक की ओर जा रहा था। रास्ते में शिवधारी कॉलोनी स्थित रिंग रोड में थार की टक्कर एक कार से हो गई थी। कार में डॉ. वसीम फिरोज अपने भाई वसीम कुरैशी उर्फ मोनू सहित अन्य लोग सवार थे। टक्कर के बाद थार चालक संजय सिंह वाहन से नीचे उतरा ही था कि कार सवार शिवधारी कॉलोनी निवासी डॉ. वसीम फिरोज,वसीम कुरैशी उर्फ मोनू सहित अन्य गाली-गलौज करते हुए उसके साथ बेरहमी से मारपीट करने लगे। इस दौरान उन्होंने संजय सिंह का सिर विद्युत खंभे से कई बार टकरा दिया। इससे वह लहूलूहान हो गया था, इसके बाद भी आरोपियों ने उसकी पिटाई की थी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। घटना की सूचना पर मौके पर पहुचीं पुलिस ने ट्रांसपोर्टर वसीम व अन्य के चंगुल से छुड़ाकर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। वहीं ट्रांसपोर्टर ने अगले दिन मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपी डॉ. वसीम फिरोज,वसीम कुरैशी उर्फ मोनू कुरैशी,अनुराग राजवाड़े एवं आयुष दास के खिलाफ धारा धारा 296, 351(3),115(2),3(5), 109(1) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। टांसपोर्टर से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इससे लोगों में आक्रोश फैला हुआ था। मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। इसी बीच घटना के चौथे दिन पुलिस ने मारपीट में शामिल शिवधारी कॉलोनी निवासी एक आरोपी अनुराग राजवाड़े को गिरफ्तार किया था। वह बिलासपुर मार्ग से रायपुर भागने की तैयारी में था। इसी बीच गुरुवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी वसीम कुरैशी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया है।

### ये आरोपी अब भी फरार

मामले का मुख्य आरोपी वसीम कुरैशी व अनुराग राजवाड़े पकड़े जा चुके हैं। अब मुख्य आरोपी के भाई डॉ. वसीम फिरोज,आयुष दास व दोनों भाइयों को भगाने में मदद करने वाला ब्रह्मरोड निवासी नौशाद शमशाद मलिक अभी भी फरार हैं। नौशाद शमशाद ने दोनों भाइयों को अपनी कार उपलब्ध कराई थी। उक्त कार से दोनों आरोपी अपनी बहन के घर बिलासपुर चले गए थे।



## 38 किलो गांजा लग्जरी कार से कर रहे थे तस्करी,दो गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

38 किलो गांजे के साथ कोतवाली पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी लग्जरी कार से तस्करी कर रहे थे। जब्त गांजे की कीमत साढ़े 9 लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी ओड़िशा से गांजा लाए थे और शहर में बिक्री करने के फिराक में थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष सिंह परिहार को बुधवार को मुखबिर से जानकारी मिली की शहर के गौरवपथ में कार से गांजे की तस्करी की जा रही है। मुखबिर की सूचना पर टीआई टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस ने संदिग्ध कार क्रमांक सीजी 16 सीएल 1858 की तलाशी ली। कार की डिक्की में 38 किलो गांजा पाया गया जो बोरी में था। जिसे पुलिस ने जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत साढ़े 9 लाख रुपए बताया जा रहा है।

वहीं पुलिस ने कार में सवार तस्कर दीपक पैकरा पिता तुलसी प्रसाद पैकरा उम्र 20 साल निवासी खालपारा बुलगा चौकी रघुनाथपुर थाना लुन्ड्रा व शिवचरण सांडिल्य आत्मज देवनारायण सांडिल्य उम्र 25 साल निवासी बधीमा गौटियापारा चौकी बरियों थाना राजपुर जिला बलरामपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार को भी जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 20(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## डी.ए.व्ही.मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 अप्रैल 2025(घटती-घटना)।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय अटल नगर रायपुर के द्वारा जारी पत्र के निर्देशानुसार शैक्षणिक रूप से पिछड़े विकासखण्डों में पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप योजना अन्तर्गत संचालित डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में शासकीय एवं आर.टी.ई. कोटा के तहत् प्री प्राथमिक के प्रारंभिक कक्षाओं (केजी1/एलकेजी) में निःशुल्क प्रवेश हेतु आवेदन 15 मई 2025 तक संबंधित विकासखण्ड के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा किया जाना है। जिले के सभी 07 विकासखण्डों में संचालित डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए नर्सरी की प्रारंभिक कक्षा में प्रवेश हेतु शिक्षा का अधिकारी नियम अन्तर्गत 25 प्रतिशत एवं निःशुल्क शासकीय कोटा अन्तर्गत 8 प्रतिशत दोनों श्रेणी के लिए प्रवेश हेतु आवेदन किया जा सकता है। संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रवेश हेतु आवेदन पत्र प्राप्त कर 15 मई 2025 तक भरे हुये आवेदन मय आवश्यक दस्तावेज सहित जमा किया जा सकता है। प्रवेश प्रक्रिया,पात्रता,चयन प्रक्रिया एवं आरक्षित सीटों के संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित विकासखण्ड कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

## निगम मंडलों के अध्यक्ष में अनुराग सिंहदेव व रामसेवक पैकरा को भी मिली जिम्मेदारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।





प्रदेश सरकार ने निगम मंडलों की सूची जारी कर दी है। इसमें कुल 36 नेताओं को शामिल किया गया है। बात करें अविभाजीत सरगुजा की तो पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा को छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष बनाए गए हैं। इन दोनों नेताओं के जिम्मेदारी मिलने से समर्थकों में खुशी की लहर है। 50 वर्षीय अनुराग सिंह देव 1992 से एबीवीपी के विभिन्न दायित्व का निर्वहन किया है। वर्ष 2000 में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सरगुजा रह चुके हैं। अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र से तीन बार चुनाव भी लड़ चुके हैं। वर्ष 2010 से 2015 तक भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्ष 2016 प्रदेश मंत्री भाजपा,2020 में प्रदेश प्रवक्ता भाजपा रह चुके हैं।

## आरक्षक की बाइक चोरी, तीन माह बाद रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

अजिरमा नाका स्थित घर के बाहर से आरक्षक की बाइक अज्ञात चोर ने पार कर दी है। आरक्षक ने गांधीनगर थाने में तीन माह बाद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फुलवन सिंह ग्राम लटोरी थाना जयनगर जिला सूरजपुर का रहने वाला है। वह अजिरमा नाका शांतिनगर में किराए के मकान में रहता है और पुलिस लाइन सूरजपुर में आरक्षक के पद पद पदस्थ है। वह 1 जनवरी की शाम के 7 बजे से 2 जनवरी की सुबह 7 बजे के बीच इसकी बाइक क्रमांक सीजी 15 ईडी-2074 को घर के सामने आंगन में अज्ञात चोर ने पार कर दी है। वह मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## बस से उतरने के दौरान महिला का रुपयों से भरा पर्स चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

बस से उतरने के दौरान महिला का पर्स चोरी हो गया है। पर्स में 15 हजार नगदी, मोबाइल व अन्य दस्तावेज थे। सूरजपुर वार्ड क्रमांक 12 हाई स्कूल



पारा निवासी बियासो बाई ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वह पुलिस को बताया कि 2 मार्च की दोपहर करीब 12 बजे अपनी बेटी, दामाद व नातिन के साथ कुंवर बस में बैठकर सूरजपुर से अंबिकापुर आ रही थी। रास्ते में 5-6 महिलाएं बैस में बैठीं। दोपहर करीब 1.30 बजे अंबिकापुर स्टैंड में बस पहुंची तो सभी उतरने लगे। इस दौरान 5-6 महिलाएं बियासो को घेर लिया और भीड़ का फायदा उठाकर बड़े फर्स से छोटा पर्स निकाल लिए। इसकी भनक उसे तत्काल नहीं लगी। पर्स में 15 हजार नकदी, मोबाइल व अन्य दस्तावेज थे। महिला ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेवचना शुरू कर दी है।

## चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

चोरी की बाइक के साथ बतौली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार देवेश कुमार बतौली थाना क्षेत्र के कुनकुरी खालपारा का रहने वाला



है। 29 मार्च को देवेश बाइक क्रामांक सीजी 15 डीजेड 1734 से बगीचा रोड कॉलेज के पास स्थित खेत में पानी पटाने गया था। वह सड़क किनारे बाइक को खड़ा किया था। इस दौरान अज्ञात चोर ने उसकी बाइक पार कर दी थी। वह मामले की रिपोर्ट बतौली थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी। इसी बीच वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदेही शनि मांझी को रोक कर बाइक के संबंध में पूछताछ की तो चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने बाइक को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ पर व्रतियों ने भगवान सूर्य को अर्पित किया अर्घ्य

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया गया। शहर के शंकर घाट स्थित छट घाट सहित पूरे जिले में विभिन्न जलाशयों के किनारे श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और पूजा-अर्चना की। चार दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान के अंतिम दिन शुक्रवार को व्रती सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।



चैती छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन चैत्र शुक्ल षष्ठी यानी गुरुवार की संध्या पहर में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर की पूजा संपन्न हो गई। शहर सहित जिले के विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य देते नजर आए। व्रती महिला -पुरुष ने स्नान -ध्यान कर पीला व लाल वस्त्र धारण कर पूरी पवित्रता के साथ हाथों में बांस की सूप में फल ठेकुआ, ईख, नारियल रखकर डूबते हुए सूर्य अर्घ्य दान किया। शहर के शंकर घाट पर व्रतियों की काफी भीड़ देखी गई। शाम 4 बजते ही व्रति अपने-अपने घरों से पूरी तैयारी के साथ छट गीत कंचही बांस के बहंगी, बहंगी चलकत जाय जैसे गीतों के साथ भगवान भास्कर को अराधना करते हुए छट घाट पहुंचे और जलाशय में स्नान कर सूर्य डूबने से पहले उन्हें अर्घ्य अर्पित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की।



# लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट पहुंची टर्की, 15 घंटे से फंसे 200 से ज्यादा भारतीय

» 200 से अधिक भारतीय थे सवार
» दियारबाकिर एयरपोर्ट पर फंसे यात्री
» फ्लाइट की टेक्निकल जांच की जाएगी



नई दिल्ली,03 अप्रैल 2025। लंदन से मुंबई आ रही वर्जिन अटलांटिक एयरलाइन की फ्लाइट को आपात मेडिकल केस के कारण टर्की डायवर्ट कर दिया गया। एयरलाइन ने आज इस संबंध में जानकारी दी। इसमें कहा गया कि मेडिकल इमरजेंसी और टेक्निकल जांच के लिए फ्लाइट को डायवर्ट करना पड़ा।

हालांकि ये ताज्जुब की बात है कि किसी फ्लाइट में एक साथ मेडिकल इमरजेंसी और टेक्निकल फॉल्ट देखने को मिला है। बहरहाल इस डायवर्जन के कारण यात्री पिछले 15 घंटे से भी ज्यादा समय से टर्की में फंसे हुए हैं।

### दियारबाकिर एयरपोर्ट पर हुई लैंडिंग

बता दें कि वर्जिन अटलांटिक की फ्लाइट VS358 ने 2 अप्रैल को लंदन से मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। लेकिन अचानक इसे टर्की के दियारबाकिर एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया गया। एयरलाइन ने कहा कि फ्लाइट की टेक्निकल जांच भी की जाएगी।

इस संबंध में एक एक्स यूजर ने भारतीय दूतावास से दखल देने की अपील की। उसने लिखा, लंदन से उड़ान भरने के बाद मुंबई जाने वाली वर्जिन अटलांटिक फ्लाइट को दियारबाकिर एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। गर्भवती महिला सहित 200 से अधिक भारतीय यात्री पानी और बुनियादी सुविधाओं के बिना फंसे हुए हैं। कृपया तत्काल हस्तक्षेप करें।

### दूतावास के अधिकारी संपर्क में

इस पर जवाब देते हुए भारतीय दूतावास ने लिखा- अंकारा स्थित भारतीय दूतावास दियारबाकिर हवाई अड्डा निदेशालय और संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। फंसे हुए यात्रियों की देखभाल के लिए हर संभव समन्वय और प्रयास किए जा रहे हैं।

यूजर ने यह भी दावा किया कि उसका एक रिलेटिव भी इन फंसे हुए यात्रियों में शामिल है और परिवार के लोगों को उसकी चिंता हो रही है। उसने कहा कि यात्रियों को खाने के लिए केवल एक सैंडविच दिया गया है।

# ट्रंप ने फोड़ा टैरिफ बम तो चीन ने दी धमकी,कहा...करारा जवाब देंगे

बीजिंग,03 अप्रैल 2025। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को चीन के 438 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आयात पर 34 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की।

चीन अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। चीन ने इस फैसले के बाद कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा कि वह अपने अधिकारों की रक्षा के लिए काउंटरमेजर अपनाएगा।

चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ का विरोध करता है और यह सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाएगा कि उसके अधिकार और हित सुरक्षित रहें। इससे पहले, ट्रंप ने फरवरी



और मार्च में भी चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाए थे।

चीन ने पहले भी ट्रंप के शुल्कों के खिलाफ अतिरिक्त 15 प्रतिशत शुल्क लागू किया था और विश्व व्यापार संगठन में अमेरिका के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी। इसके अलावा, चीन ने 10 अमेरिकी कंपनियों को अविश्वसनीय संस्थाओं की लिस्ट में डाल दिया है और उनके खिलाफ कदम उठाए हैं। इनमें कई रक्षा,सुरक्षा,एआई, विमानन,आईटी से संबंधित कंपनियां शामिल हैं।

चीन के अधिकारियों का कहना है कि ये नए शुल्क अमेरिकी उपभोक्ताओं को अधिक नुकसान पहुंचाएंगे। लेकिन इन शुल्कों से चीन के व्यापार और उद्योगों पर काफी असर पड़ेगा,जो पहले ही चीनी अर्थव्यवस्था की मंदी से प्रभावित हैं।

ट्रंप ने कहा कि चीन अमेरिकी उत्पादों पर 67 प्रतिशत शुल्क लगाता है, जिसमें मुद्रा संचालन और व्यापार बाधाएं शामिल हैं। ट्रंप ने व्हाइट हाउस के रोज गार्डन से घोषणा करते हुए कहा कि चीन पर 34 प्रतिशत शुल्क लगाने से व्यापार में असंतुलन को ठीक किया जाएगा। उन्होंने इसे टफ लव का नाम दिया और कहा कि चीन ने अमेरिका से भारी लाभ उठाया है।

# अमेरिका में तूफान से भयंकर तबाही,लाखों घरों की बिजली गुल और छत उड़े,बाढ़ आने का भी अंदेशा

» अब तक कई लोगों के घायल होने की खबर
» शनिवार तक बाढ़ आने का मंडराया खतरा
» लगातार विकराल होता जा रहा है तूफान

वाशिंगटन,03 अप्रैल 2025। अमेरिका के दक्षिण और मध्य पश्चिम क्षेत्र के कई इलाकों में भीषण तूफान के चलते कई घरों की छतें उड़ गईं, बिजली के खंभे और पेड़ गिर गए। इसके चलते लाखों घरों की बिजली गुल हो गई। एक व्यक्ति के मारे जाने और कुछ लोगों के घायल होने की खबर है।

इलिनोइस,अरकंसास,इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी के कुछ हिस्सों में बुधवार शाम भीषण तूफान और बवंडर को लेकर दर्जनों चेतावनियां जारी की गईं। जबकि उत्तर-पूर्व अरकंसास में तूफान के चलते कुछ समय के लिए आपातकाल घोषित किया गया।

इलिनोइस,अरकंसास, मिसौरी,मिसिसिपी और टेनेसी में 90 हजार से अधिक घरों की बिजली गुल हो गई। जबकि इंडियाना में भी बुधवार रात 182,000 घरों में बिजली नहीं रही। आने वाले दिनों में दक्षिण और मध्य पश्चिम में बाढ़ के खतरे का भी अंदेशा जताया गया है, क्योंकि पूर्व की ओर बढ़ रहा तूफान



विकराल होता जा रहा है।

राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि शनिवार तक बाढ़ का खतरा रहेगा। अगले चार दिन में 30 सेंटीमीटर से अधिक वर्षा की संभावना है। तूफान पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार, टेक्सास से लेकर मिनेसोटा और मेन तक देश के बड़े हिस्से में रहने वाले करीब नौ करोड़ लोगों को खराब मौसम का सामना करना पड़ सकता है।

### पहले भी तूफानों ने मचाई तबाही

इसके पहले मार्च 2023 में भी अमेरिका में बर्फीले तूफान ने तबाही मचाई थी। इससे न्यू इंग्लैंड के कुछ हिस्से,न्यूयॉर्क,उत्तर पूर्वी पेंसिल्वेनिया और उत्तरी न्यू जर्सी के प्रभावित हुए थे। उस वक्त भी 74,700 से अधिक घरों में बिजली गुल हो गई थी। यह तूफान ऐसे वक्त में आया था, जब कैलिफोर्निया में पजारो नदी का बांध टूट जाने से काफी तबाही हुई थी। कैलिफोर्निया में पजारो नदी के बांध टूटने से 1500 से अधिक लोग फंसे गए थे।

वहीं पिछले साल अक्टूबर में फ्लोरिडा में मिल्टन तूफान से आए बवंडर और बाढ़ ने तबाही मचाई थी। कहा गया था कि तीन महीने में जितनी बारिश होती है, उतनी बारिश सिर्फ 3 घंटों में हो गई। 20 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ की चपेट में आए थे।

# रामायण की कथा थाई लोक-जीवन में रची-बसी,पीएम मोदी बोले...भारत और थाईलैंड के सदियों पुराने संबंध

» बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे पीएम मोदी
» गवर्नमेंट हाउस में थाई पीएम शिनावात्रा से की मुलाकात
» स्ट्रैटिजिक डायलॉग स्थापित करने पर भी हुई चर्चा

नई दिल्ली,03 अप्रैल 2025। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुरुवार को छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के लिए थाईलैंड पहुंचे। यहां बैंकॉक में उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। थाई प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनवात्रा ने बैंकॉक में गवर्नमेंट हाउस में प्रधानमंत्री मोदी का औपचारिक स्वागत किया।

पीएम मोदी ने बैंकॉक में थाई प्रधानमंत्री शिनावात्रा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिन की शुरुआत में थाई रामायण रामकियेन का एक प्रदर्शन देखा। इसके बाद पीएम मोदी और थाई पीएम शिनावात्रा ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

### भूकंप में जनहानि पर जताई संवेदना

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, इस खूबसूरत स्वर्ण भूमि में मेरे और मेरे डेलिगेशन के गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए मैं प्रधानमंत्री शिनावात्रा का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। 28 मार्च को आए भूकंप में हुई जनहानि के लिए मैं भारत के लोगों की ओर से गहरी



संवेदनाएं प्रकट करता हूं और हम घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

उन्होंने कहा,भारत और थाईलैंड के सदियों पुराने संबंध हमारे गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सूत्रों से जुड़े हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने हमारे जन-जन को जोड़ा है। अयुत्थया से नालंदा तक विद्वानों का आदान-प्रदान हुआ है। रामायण की कथा थाई लोक-जीवन में रची-बसी है और संस्कृत-पाली के प्रभाव आज भी भाषाओं और परंपराओं में झलकते हैं।

### स्ट्रैटिजिक डायलॉग स्थापित करने पर चर्चा

पीएम मोदी ने कहा, मैं थाईलैंड सरकार का आभारी हूं कि मेरी यात्रा के उपलक्ष्य में 18 वीं शताब्दी की 'रामायण' म्यूरल पेंटिंग्स पर आधारित एक विशेष डाक-टिकट जारी किया गया है। प्रधानमंत्री शिनावात्रा ने अभी मुझे त्रिपिटक भेंट की। बुद्ध भूमि भारत की ओर से मैंने इसे हाथ जोड़ कर स्वीकार किया।

पीएम ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और हमारे इंडो पैसिफिक विजन में थाईलैंड का विशेष स्थान है। आज हमने अपने संबंधों को स्ट्रैटिजिक पार्टनरशिप का रूप देने का निर्णय लिया है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रैटिजिक डायलॉग स्थापित करने पर भी चर्चा की।

### टूरिज्म में सहयोग पर बल

प्रधानमंत्री ने कहा, साइबर क्राइम के शिकार भारतीयों को वापस भारत भेजने में थाईलैंड सरकार से मिले सहयोग के लिए हमने थाईलैंड सरकार का आभार प्रकट किया। हमने भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों और थाईलैंड के बीच टूरिज्म, कल्चर,एजुकेशन क्षेत्रों में सहयोग पर बल दिया है।

उन्होंने आगे कहा कि आपसी व्यापार, निवेश और बिजनेस के बीच आदान प्रदान बढ़ाने पर हमने बात की। एमएसएमई,हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट में भी सहयोग के लिए समझौते किए गए हैं। भारत ASEAN यूनिटी और ASEAN सेंट्रलिटी का पूर्ण समर्थन करता है। इंडो पैसिफिक में फ्री, ओपन, इंक्लूसिव और रूल बेस्ड बॉर्डर का हम दोनों समर्थन करते हैं। हम विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की नीति में विश्वास रखते हैं।



# भारतीय शख्स को अमेरिका में सुनाई गई 35 साल की सजा

» सोशल मीडिया मैसेजिंग ऐप से नाबालिगों को फंसाता था आरोपी
» अदालत ने दोषी पाए गए व्यक्ति को सुनाई 420 महीने जेल की सजा
» FBI ने आईपी एड्रेस जांच कर आरोपी को पकड़ा

नई दिल्ली,03 अप्रैल 2025। अमेरिका में रहने वाले 31 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति को 35 साल जेल की सजा सुनाई गई है। अमेरिका की एक संघीय अदालत ने इस व्यक्ति को कई बच्चों के यौन शोषण का दोषी पाया है।

### क्या है आरोप?

भारतीय मूल के व्यक्ति पर आरोप है कि वो सोशल मीडिया पर अपनी पहचान किशोर की तरह दिखाता था और कम उम्र के लड़के और लड़कियों से दोस्ती करता था और उनका विश्वास जीत लेता था। फिर ये व्यक्ति उन्हें चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़ी तस्वीरें आदि देने को कहता था और बात नहीं मानने पर उन्हें धमकाता था।

अमेरिकी अटॉर्नी रॉबर्ट ट्रॉस्टर ने एक बयान में कहा कि भारतीय नागरिक साई कुमार कुररेमुला को तीन बच्चों के यौन शोषण और चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़ी सामग्री रखने के जुर्म में 420 माह जेल की सजा सुनाई गई है। यह व्यक्ति इमिग्रेंट वीजा पर ओक्लहोमा के एडमंड में रहता था।

### कुररेमुला ने जुर्म कबूला

अमेरिका के डिस्ट्रिक्ट जज चार्ल्स गुडविन ने पिछले सप्ताह दिए गए अपने आदेश में कहा है कि सजा पूरी होने के बाद भी कुररेमुला आजीवन निगरानी में रहेगा। उन्होंने कहा कि आरोपी ने पीड़ितों और उनके परिवारों वालों को कभी न मिटने वाला घाव दिया है।

मामले की सुनवाई के दौरान कुररेमुला ने कबूल किया कि उसने एक नाबालिग को धमकी दी कि वह उसके घर जाएगा और उसक माता-पिता को उसकी अश्लील तस्वीर दिखाएगा। उसने एक अन्य नाबालिग को भी अश्लील तस्वीरें और वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी दी थी।

### 19 नाबालिगों का किया यौन शोषण

पिछले साल अप्रैल में कुररेमुला पर बच्चों के यौन शोषण और चाइल्ड पोर्नोग्राफी का आरोप लगाया गया था। संघीय जांच ब्यूरो (FBI) ने अक्टूबर 2023 में एक सोशल मीडिया मैसेजिंग ऐप पर एक अकाउंट की जांच शुरू की थी, जिसमें एक व्यक्ति नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण कर रहा था।

जब एफबीआई ने अकाउंट बनाने के लिए इस्तेमाल किए गए इंटरनेट प्रोटोकॉल पते की जांच की तो इस व्यक्ति के बारे में पता चला और इस तक पहुंचने में मदद मिली। आरोप है कि कुररेमुला ने सोशल मीडिया मैसेजिंग ऐप के जरिए कम से कम 19 नाबालिगों का यौन शोषण किया था।

# भूकंप से मरने वालों की संख्या 3000 के पार, करीब 5 हजार लोग घायल; सैकड़ों लापता





बैंकॉक, 03 अप्रैल 2025। म्यांमार में लगभग एक सप्ताह पहले आए भूकंप में मारे गए लोगों की संख्या गुरुवार को 3,085 तक पहुंच गई। यह भूकंप 7.7 की तीव्रता का था और इसका केंद्र मांडले के पास था, जो म्यांमार का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। सरकार ने कहा कि 4,715 लोग घायल हुए हैं और 341 लोग अब भी लापता हैं।

भूकंप ने हजारों इमारतों को ढहा दिया, सड़कें और पुल नष्ट हो गए। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक, वास्तविक मौतों की संख्या सरकारी आंकड़ों से कहीं अधिक हो सकती है। टेलीफोन सेवाएं ठप हो गईं हैं और कई इलाकों में पहुंचना मुश्किल हो गया है, जिससे आशंका है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

### स्वास्थ्य संकट और राहत प्रयास

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बताया कि चार अस्पताल और एक स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। 32 अस्पतालों और 18 स्वास्थ्य केंद्रों को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है। इस संकट से निपटने के लिए भारत से एक मोबाइल अस्पताल और रूस-बेलारूस के संयुक्त अस्पताल को मांडले में तैनात किया गया है।

### मानवाधिकार और सैन्य संघर्ष

म्यांमार की सेना ने 2021 में आंग सान सू की की लोकतांत्रिक सरकार को उखाड़ फेंका था, जिसके बाद से देश में गृहयुद्ध जैसी स्थिति बन गई है। भूकंप ने पहले से ही संकट में घिरे देश में मानवतावादी स्थिति को और बिगाड़ दिया है, जहां तीन मिलियन से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित हो चुके हैं। इसके बावजूद, सेना ने संघर्ष के दौरान मानवीय सहायता में रुकावट न आने के लिए अप्रैल 22 तक अस्थायी युद्धविराम की घोषणा की है।

### थाईलैंड में भी भूकंप का प्रभाव

भूकंप ने थाईलैंड के बैंकॉक में भी असर डाला, जहां एक निर्माणाधीन इमारत ढह गई। वहां से 22 मौतों और 35 लोगों के घायल होने की खबर आई है। बचाव दल मलबे के नीचे दबे लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं, लेकिन अब तक कोई जीवित नहीं मिला है।

# हमारी तटरेखा बंगाल की खाड़ी में सबसे लंबी,मोहम्मद युनूस को एस जयशंकर ने दिखाया आईना,दावों की निकाली हवा

» 20वीं बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय बैठक में पहुंचे जयशंकर
» बंगाल की खाड़ी पर युनुस के दावों की निकाली हवा
» बिना नाम लिए यूनुस को करारा जवाब दिया

नई दिल्ली,03 अप्रैल 2025। अपने चीन दौरे के वक्त बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने चिनफिंग के सामने शेखी बघारने के लिए भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर टिप्पणी की थी। यूनुस ने इस दौरान बांग्लादेश को बंगाल की खाड़ी का गार्जियन बताया था।

अब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने युनुस के दावों की हवा तो निकाल ही दी, साथ ही उन्हें भूगोल का पाठ भी पढ़ा दिया। जयशंकर ने कहा कि बंगाल की खाड़ी में हमारी सबसे लंबी तटरेखा है,जो लगभग 6,500 किलोमीटर है। भारत न केवल पांच बिम्सटेक सदस्यों के साथ सीमा साझा करता है, बल्कि उनमें से अधिकांश को जोड़ता है।

### बिना नाम लिए बोला हमला

बता दें कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को 20 वीं बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने बिना नाम लिए यूनुस को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हमारा पूर्वोत्तर क्षेत्र विशेष रूप से बिम्सटेक के लिए एक कनेक्टिविटी हब के रूप में उभर रहा है, जिसमें




सड़कों, रेलवे, जलमार्गों, ग्रिड और पाइपलाइनों का असंख्य नेटवर्क है।

जयशंकर ने कहा, भारत न केवल पांच बिम्सटेक सदस्यों के साथ सीमा साझा करता है, बल्कि उनमें से अधिकांश को जोड़ता है, बल्कि भारतीय उपमहाद्वीप और आसियान के बीच बहुत अधिक इंटरफेस भी प्रदान करता है।

जयशंकर ने कहा कि हम जानते हैं कि इस बड़े भूगोल में वस्तुओं, सेवाओं और लोगों के सुचारू प्रवाह के लिए हमारा सहयोग और सुविधा एक आवश्यक शर्त है। इस भू-रणनीतिक कारक को ध्यान में रखते हुए, हमने पिछले दशक में बिम्सटेक को मजबूत करने के लिए अपनी ऊर्जा और ध्यान को बढ़ाया है। हम यह भी मानते हैं कि सहयोग एक एकीकृत दृष्टिकोण है, न कि चुनिंदा विषयों पर आधारित।

### युनुस ने क्या कहा था?

दरअसल मोहम्मद यूनुस हाल ही में चार दिवसीय चीन दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि भारत के पूर्वोत्तर राज्य लैंड लॉक्ड (चारों ओर जमीन से घिरे हुए) हैं और उनके पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है।

इसके साथ ही यूनुस ने यह भी दावा कर दिया था कि यहां पड़ने वाले समुद्री क्षेत्र के लिए बांग्लादेश एकमात्र गार्जियन है। यूनुस की टिप्पणियों के बाद पूर्वोत्तर राज्यों में काफी आक्रोश देखने को मिला। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इसकी निंदा करते हुए बयान को आक्रामक बताया था।

# ठेकेदार कर रहा है करोड़ों की लागत की सड़क का निर्माण कार्य

**बिना डब्लू एम एम प्लांट और आर एम सी प्लांट के पुल पुलिया का निर्माण कार्य धड़ल्ले से...**

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी ठेकेदार के हाथो की कठपुतली...**

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी पर ठेकेदार हमेशा रहता है भारी?**

**ठेकेदार के द्वारा मनमाने तरीके से कराया जा रहा सड़क मार्ग का नव निर्माण एवं, पुल-पुलिया निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन सामाग्री का उपयोग?**

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना छत्तीसगढ़ राज्य के मंत्री के द्वारा गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण कार्य कराये जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश के बाद भी सड़क निर्माण कार्य धड़ल्ले से गुणवत्ता विहीन निर्माण किया जा रहा है।**

**सडक निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा बोर्ड पर सही जानकारी का उल्लेख नही किया गया है। जो अधिकारीयों के निरीक्षण पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है अधिकारी करते हैं निरीक्षण का दावा?**

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विकास खंड क्षेत्र में विभिन्न ग्रामों में सडक निर्माण कार्य के तहत करोडो रुपए की लागत से हो रहे मुख्य मार्ग से कई सड़को के नवनिर्माण एवं उन्नयन के कार्य मे नियोजित ठेकेदार द्वारा जमकर मनमानी बरती जा रही है। सड़क निर्माण के इस कार्य मे पुल-पुलिया निर्माण के दौरान भी गुणवत्ताहीन निर्माण सामाग्री का उपयोग करते हुए कार्य को अंजाम दिया गया है।

बता दें कि पी डब्लू डी मार्ग बोडेमूडा से बैगापारा सलयाधार पी डब्लू डी मार्ग बोडेमूडा से गेलहाझरिया बरमपुर से खालपारा उक्त सड़क मार्ग का नवनिर्माण व उन्नयन कार्य का ठेका मेसर्स आयुश फ्लाई ऐश ब्रिक्स इंडस्ट्रीज देवाडाड को मिला है बोर्ड किसी प्रकार का अन्य जानकारी का उल्लेख नहीं किया गया है जिससे ठेकेदार का अनुबंध क्रमांक कार्यदेश लागत कितनी दूरी समय सीमा आदि जारी होने के संबंध में ठेकेदार के द्वारा सूचना पटल में नहीं किया गया है। लेकिन ठेकेदार की मनमानी के कारण कार्य बिना डब्लू एम एम प्लांट के इस सडक का निर्माण कार्य लगभग 40 फीसदी कार्य ही पूर्ण हो गया है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के देखरेख में हो रहे कार्य में पुल-पुलिया निर्माण में कांक्रीटिंग के दौरान प्राक्कलन के विपरीत निर्माण सामाग्री का उपयोग किया जा रहा है,




जबकि जो कांक्रीट सामाग्री क्वालिटी परीक्षण हेतु रखा जा रहा उसमें अतिरिक्त सीमेंट डालकर गुणवत्तापरख दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रकार जमकर गुणवत्ताहीन




निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। जिसका मौके पे जाकर जांच करने पर सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। लेकिन ऐसा नही हो पा रहा है, जिससे होने वाले कार्य की मजबूती पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। जबकि इस कार्य का देखरेख करने वाले संबंधित अधिकारी ठेकेदार के हाथों की कठपुतली बन उनके इशारे पर नाचते नजर आते है, तो वही क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले जनप्रतिनियों के पास भी इतनी फुर्सत नही कि किस कदर कार्य कराया जा रहा है, उसका मौके पर जाकर निरीक्षण कर सके। इस संबंध पर जब निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर विभागीय अधिकारी से फोन पर सड़क निर्माण कार्य कि जानकारी ली गई तो उन्होंने हो रहे सड़क निर्माण कार्य कि गुणवत्ता के बारे में एवं सड़क पर बिछाई जा रही निर्माण सामग्री के बारे की इस निर्माण सामग्री को डब्लू एम एम प्लांट से मिक्स करके लाना है जो यहां नहीं आ रहा है उन्होंने ने कहा कि डब्लू एम एम प्लांट से आ रहा है और कहा कि ग्रेडिंग सही है। अब सवाल ये उठता है कि जब सड़क निर्माण कार्य का अनुबंध ठेकेदार ने निर्माण सामाग्री को डब्लू एम एम प्लांट से मिश्रण डालें जाने किया गया है और ठेकेदार जे सी बी से गिट्टी को डमफरो में भरकर सड़क निर्माण स्थल गिरा दिया जाता है और उसके बाद उस पर पानी डालकर बिछाया जाता है जो कि ये प्रकिया ठेकेदार के अनुबंध के विपरित है और ठेकेदार के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के मापदंडो के विपरीत किया जा रहा है छत्तीसगढ़ राज्य मंत्री के निर्देशों को ठेंगा दिखाया जा रहा है।

## नहीं थम रहा गजराज का आतंक, हाथी के हमले से युवक की मौत, हाथी के हमले से यह चौथी मौत

**क्या गजराजों का आशियाना छीलने वाले हैं ग्रामीण मैतों का जिम्मेदार?**

-संवाददाता-
बलरामपुर,03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



बलरामपुर जिले में हाथियों का आतंक से दहशत का माहौल बना हुआ है। बलरामपुर जिले के पस्ता थाना के ग्राम घाघरा में हाथी के हमले से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं अन्य ग्रामीणों ने भाग कर अपनी जान बचाई। थाना प्रभारी विमलेश सिंह ने बताया कि ग्राम कोचली निवासी दिनेश गोंड पिता महेंद्र गोंड (35) तीन अन्य ग्रामीणों के साथ धान और मक्का की फसल की रखवाली करने गया था। इसी दौरान बस्ती के बीच में हाथी ने हमला कर दिया,वह हाथी की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाकी अन्य ग्रामीणों ने भाग कर अपनी जान बचाई । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला स्वास्थ्य केंद्र बलरामपुर भेजवाया। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। हाल ही में दो हाथी आकर रामानुजगंज में महिला सहित दो लोंगो को हमला किया था। दोनो की मौत हो गई थी इसके बाद एक हाथी शंकरगढ़ के सिलियारिकोना पहुंचकर एक महिला के ऊपर हमला कर दिया महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वनमंडलाधिकारी अशोक तिवारी के निर्देश पर गांव-गांव में लाउडस्पीकर से अनाउंस कराया जा रहा है कि आप हाथियों से दूर रहें। वन विभाग के द्वारा गांव के ग्रामीणों को हाथी दे दूर रहने की समझाइश दी जा रही है। अब सवाल यह उठता है कि सरकार के द्वारा जिस तरह से वन भूमि को खदानों के लिए दिए जाने से जंगलों में निवास करने वाले गजराजों को अपनाआशियाना उजड़ता देख ग्रामीणों को मौत के घाट उतारा जा रहा है?

## वन विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष रामसेवक पैकरा का हुआ आतिशी स्वागत

**जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज मे आतिशबाजी व फूलमालाओं से कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन**





-संवाददाता-
सूरजपुर,03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष बनने उपरांत जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज पहुंचने पर श्री रामसेवक पैकरा का आतिशबाजी व फूल मालाओ से जोरदार स्वागत हुआ। वरिष्ठ भाजपा नेता को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अहम जिम्मेदारी दिए जाने पर कार्यकर्ताओं मे काफी उत्साह है। आज यहाँ जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी,भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, निवृत मान जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, जिला महामंत्री राजेश महलवाला, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल गोयल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष रामसेवक पैकरा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी व फूलमालाओं से लादकर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। श्री पैकरा की छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं मे गिनती है तथा लंबे समय से सरकार मे अहम जिम्मेदारी मिलने के कयास लगाए जा रहे थे। कल देर शाम छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निगम मंडलो की सूची जारी की गई उसमें सूरजपुर जिले से एकमात्र नाम पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा को अध्यक्ष वन विकास निगम की जिम्मेदारी दी गई है। जिससे जिले भर के कार्यकर्ताओं मे काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला भाजपा कार्यालय मे छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार व पार्टी ने जो मुझे नई जिम्मेदारी सौंपी है उसका बखूबी निर्वहन करूँगा। पार्टी ने हमेशा कोई कोई जवाबदारी सौंपकर मेरा हमेशा मान बढ़ाया है। उन्होंने सरकार द्वारा अहम जिम्मेदारी के दिए जाने को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व संगठन के प्रति आभार जताया। श्री पैकरा ने कहा कि संगठन हर कार्यकर्ता पर नजर रखता है तथा सभी कार्यकर्ताओं को धैर्यपूर्वक अपनी जवाबदारी का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप सभी की बाते सरकार तक पहुंचे व उनका समाधान हो मेरा हर संभव प्रयास होगा। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष शैलेश गोयल ,संदीप अग्रवाल, मुकेश गर्ग, शशि तिवारी, ललित गोयल, शशिकांत गर्ग,सतीश गर्ग, सत्यनारायण जायसवाल, संत सिंह ,शंकर जिंदिया, बल्लू गोयल, संत सिंह,मनमत बछाड़, दीपक गुप्ता, अजय अग्रवाल, अरविंद मिश्रा,डा. एच एन चतुर्वेदी,प्रमोद तायल, आनंद सोनी, धरम सोनी संजू सोनी, बंटी जिंदिया, मौजूद रहे।



## बलरामपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई:आर्म्स एक्ट के फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
बलरामपुर,03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले में पिछले 3 वर्षों से फरार चल रहे आर्म्स एक्ट के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक देसी पिस्टल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। जानकारी अनुसार 08 मार्च 2022 की रात करीब 9:30 बजे वाड्राफनगर स्थित शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान के पास कुछ बदमाशों ने लूट और डकैती का प्रयास किया था। आरोपियों ने शराब दुकान के कर्मचारियों पर जानलेवा हमला किया था और देशी पिस्टल, धारदार चाकू सहित अन्य हथियारों का इस्तेमाल किया था। मामले में पुलिस ने धारा 294, 506, 323,336,307,395,511,120(बी) आईपीसी 25,27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया था।इस मामले में पहले ही दो आरोपियों, रुस्तम और सलामुद्दीन, को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका था। लगातार फरार चल रहे चार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बलरामपुर पुलिस द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे थे। बलरामपुर पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया। इस टीम ने संभावित स्थानों पर दबिश दी और 02 अप्रैल को विंढमगंज, उत्तर प्रदेश से आरोपी पुलाव उर्फ अहमद उर्फ राजा बाबू को गिरफ्तार किया। वहीं,आरोपी राजू उर्फ सैफुल्लाह को वाड्रफनगर से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से एक देसी पिस्तौल और घटना में प्रयुक्त सीडी डॉन मोटरसाइकिल बरामद की गई।

## 5 अप्रैल से प्रबंधकों का हड़ताल

**» 10 से 15 अप्रैल के बीच बस्तर में तेंदूपत्ता संग्रहण की होनी है शुरुवात**

**» तेंदूपत्ता संग्रहण से 13 लाख 50 हजार तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ता परिवार को मिलता है अरबों का फायदा...**

**» वन कर्मचारी संघ और छत्तीसगढ़ फड़मुंशी संघ का भी प्रबंधकों को समर्थन**

-संवाददाता-
रायपुर/दंतेवाड़ा 03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



37 वर्षों से नियमितीकरण की आश देख रहे प्रदेश के 902 लघु वनोपज संघ के प्रबंधकों ने अपनी एक सूत्रीय नियमितीकरण की मांग को लेकर 5 अप्रैल से अनिश्चतकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। वहीं मोदी की गारेंटी में शामिल अपनी 25000.00 वार्षिक की मांग पूर्ण न होने से फड़ मुंशी संघ ने भी प्रबंधकों का साथ देते हुवे हड़ताल का समर्थन किया है। तेंदूपत्ता शाखकर्तन के समय से ही वन कर्मचारी संघ ने राज्य लघु वनोपज संघ के समस्त कार्यों का पूर्व में ही बहिष्कार करने का निर्णय किया है जिससे सरकार और राज्य लघु वनोपज संघ की मुश्किल बढ़ती नजर आ रही है।

प्रबंधक संघ के प्रांताध्यक्ष रामाधार लहरे ने कहा कि ये प्रबंधक संघ की अंतिम लड़ाई है। लगातार 37 वर्षों से सुदूर अंचल में काम कर रहे प्रबंधक अब रिटायरमेंट के कगार में पहुंच गए हैं। 902 प्रबंधकों में आधे से ज्यादा प्रबंधकों की आयु 62 वर्ष पूर्ण होने के चलते वे रिटायर हो गए हैं। 37 वर्षों के लंबे कार्यकाल के दौरान बहुत सारे प्रबंधकों का देहांत होने से उनके परिवार रोजी-रोटी की समस्या से जूझ रहे है। श्री लहरे ने कहा संघ और सरकारों द्वारा सिर्फ और सिर्फ प्रबंधकों का शोषण किया जा रहा है। प्रांताध्यक्ष ने कहा शासन और राज्य लघूवनोपज संघ द्वारा प्रबंधकों के लिए अनुकम्पा नियुक्ति,पेंशन, मेडिकल,खाता में भुगतान सहित किसी भी कार्य को आज तक लागू नहीं किया गया है। जिससे प्रबंधकों में भारी रोष है। नियम बने भी है तो सिर्फ रिटायर करने के, दंड देने के और शोषण करने के. प्रांताध्यक्ष ने कहा विगत वर्ष 2024 में भी प्रबंधकों ने नियमितीकरण के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल किया था। किन्तु वन मंत्री से मिले आश्वाशन और 13 लाख 50 हजार लघु वनोपज संग्रहनकर्ता परिवारों के नुकसान को देखकर प्रबंधक संघ ने हड़ताल वापस लेने का फैसला किया था। हड़ताल वापस लेने के 1 वर्ष बीतने के बाद भी राज्य लघु वनोपज संघ और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रबंधकों के नियमितीकरण के विषय में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। साथ ही राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंधकों के मांग पर विचार करने कमेटी बनाए जाने और कमेटी की हर माह बैठक रखने संबंधी झूठे वाले से नाराज प्रबंधकों ने अंततः 5 अप्रैल से हड़ताल में जाने की घोषणा कर दी है.श्री लहरे ने बताया कि 1 अप्रैल को राज्य लघु वनोपज संघ के बुलावे पर छत्तीसगढ़ प्रबंधक संघ के अध्यक्ष, प्रबंधक यशवंत राठौर और सन्नी साहू ने राज्य संघ के अधिकारियों के समक्ष अपने मांगो को रखा। जिस पर राज्य संघ के अधिकारियों ने सभी 8 विषयों पर घुमाने वाले जवाब दिए. जिससे बैठक पूर्णतः बेनतीजा निकला।

छत्तीसगढ़ में कुल 6 वृत्त एवं 31 जिला यूनियन है। जहां 902 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण,67 प्रकार के लघु वनोपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य दर में संग्रहण,बीमा योजनाएं,बच्चो के लिए छात्रवत्ति योजनाएं,कोसा संग्रहण,तेंदूपत्ता बोनस वितरण,चरण पादुका वितरण संबंधित अन्य जनकल्याकारी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रबंधकों द्वारा विगत 37 वर्षो से किया जा रहा है। वर्ष 2024 में तेंदूपत्ता संग्रहण का 13 लाख 50 हजार परिवार को प्रबंधकों के माध्यम से सीधे ग्रामीणों के खाता में 855.67 करोड़ का भुगतान किया गया था।

## प्राथमिक शाला के 65 बच्चों ने छिपकली गिरे मध्यान्ह भोजना को खाया

**सभी बच्चों को ईलाज के लाया गया अस्पताल**

-संवाददाता-
कुसमी,03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



विकासखंड कुसमी के गजाधरपुर ग्राम के प्राथमिक शाला तुर्री पानी में उस वक्त हड़कंप मच गया जब पता चला कि बच्चों के मध्यान्ह भोजन में छिपकली मिला है और बच्चों ने उसे खा लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को जब स्कूल के बच्चों को मध्यान्ह भोजन मिला खाने के लिए तब खाने के दौरान स्कूल की एक छात्रा के खाने में पकी हुई छिपकली मिली तो वह घबरा गई और सभी को दिखाया तो छिपकली गिरने का पता चला ओर फिर स्कूल के स्टाफ ने सभी को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी लाया ओर फिर कुसमी अस्पताल में भी हड़कंप मच गया। बीएमओ सतीश पैकरा,एमबीएस डॉ राकेश ठाकुर,डॉ सोहन लाल,डॉ अनुज टोप्पो,अपने स्टाफ के साथ मिलकर तत्काल बच्चों का ईलाज शुरू किया जहां चिकित्सकों ने ईलाज के बाद बताया कि बच्चों की हालत खतरे से बाहर है। तीन-चार बच्चे थोड़ा अस्वस्थ है। उनका ईलाज चल रहा है, वही जानकारी के मुताबिक जब जिला प्रशासन को इस घटना की जानकारी लगी तो कलेक्टर ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए जिले के सीएमओ बसंत सिंह शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ शरद गुप्ता डीपीएम स्मृति एक्का और आईडीएफसी की टीम को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी भेज दिया,जहां स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं चिकित्सकों ने आकर बच्चों के स्वास्थ्य को देखा और उपचार के लिए चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। वहीं इस घटना से बच्चों के परिजन काफी घबरा गए,वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारी भी अस्पताल पहुंचकर इस घटना की जानकारी ली है। बहरहाल देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इस घटना को लेकर आगे क्या कदम उठाता है ताकि मध्यान्ह भोजन बनाने वाले लोग सावधानी और निगरानी के साथ बच्चों का भोजन बनाये ताकि ऐसी घटना की पुनरावृति न हो।

# कुदरगढ़ महोत्सव के दूसरे दिन हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन













-संवाददाता-
सूरजपुर,03 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

कुदरगढ़ महोत्सव के दूसरे दिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,जिसमें विधायक भूलन सिंह मरावी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वहीं, रमेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में संगवारी के मया लोक कलामंच और किरण कुशवाहा द्वारा अनमोल किरण लोक कलामंच के माध्यम से आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। महोत्सव के दौरान स्थानीय कला, संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया।

## कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा कुदरगढ़ महोत्सव में श्रद्धालुओं के सेवा भाव के लिए स्टाल निर्माण




-संवाददाता-
सूरजपुर,03 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

छ ग शासन में महिला बाल विकास एवम समाज कल्याण विभाग की कैबिनेट मंत्री द्वारा कुदरगढ़ महोत्सव में श्रद्धालुओ के लिए एक स्टाल बनावाया गया है जिसमे श्रद्धालुओं के लिए पेय जल,शरबत,गुड़ और चने की व्यवस्था की गई है स्टाल में श्रद्धालुओ के विराम के लिए व्यवस्था की गई है और खास बात यह है कि यह आयोजन कोई शासकीय न होकर भटगावँ विधायक लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा स्वयं के सेवा समर्पण के भाव से किया गया है,मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े अपने सेवा भाव के लिए पूरे प्रदेश में बहोत कम समय मे अपना एक स्थान हासिल किया है।

## सूरजपुर पुलिस ने साइबर फ्राड म्यूल अकाउन्ट मामले में 2 और आरोपी को किया गिरफ्तार



-संवाददाता-
सूरजपुर,03 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

सूरजपुर पुलिस ने साइबर ठग म्यूल अकाउन्ट के नेटवर्क में शामिल आरोपियों को लगातार दबिश देकर गिरफ्तार करने में लगी हुई है। इस मामले में अब तक कुल 8 लोगों को पकड़ा गया है जो साइबर ठगों के लिए म्यूल बैंक अकाउंट,एमटीएम कार्ड और मोबाईल सीम उपलब्ध कराकर उनकी मदद करते थे। पकड़े गए आरोपियों के खातों से 10 लाख 38 हजार रूपये का ट्रांजेक्शन होने की जानकारी सामने आई है।

पैसा का लालच देकर साइबर म्यूल अकाउन्ट ठग लोगों का बैंक पासबुक,एटीएम कार्ड और मोबाईल सीम लेकर ठगी की रकम दूसरों के खातों में ट्रांसफर कर रकम आहरण कर धोखाधड़ी को अंजाम देने के मामले में थाना सूरजपुर में अपराध क्रमांक 150/25 धारा 413, 420, 120बी भादस. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था और पूर्व में 6 आरोपी सौरभ साहू,अमन साहू, आनंद कुमार साहू, विशाल साहू, सूर्या सोनवानी व सूरज दिवान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने ऑनलाईन सायबर फ्राड के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण के अन्य आरोपी की जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए थे। थाना सूरजपुर पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान पूर्व में गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ एवं पाए गए तथ्यों के आधार पर आरोपी (1) सतीश अजय पिता सेवक राम अजय उम्र 46 वर्ष (2) अंजली अजय पति सतीश अजय उम्र 40 वर्ष दोनों निवासी अन्नडोला, थाना कोसिर, जिला सारंगगढ़ को दबिश देकर पकड़ा गया है। पूछताछ पर दोनों ने बताया कि साईबर फ्राड करने वाले व्यक्तियों को इनके द्वारा दिए गए अपने बैंक खाता,मोबाईल, एटीम के माध्यम से साइबर फ्राड के द्वारा करीब 10 लाख रूपये ट्रांसफर कर आहरण किया है। बैंक खाता, एटीएम, मोबाईल सीम को 20-25 हजार रूपये लेकर सूरज दीवान को दिए जो उसने सौरभ साहू को दिया था जिसका साइबर ठग उपयोग कर रहे है। सायबर फ्राड गिरोह संचालित करने वाले अपराधियों को पैसा लेकर सायबर फ्राड अपराध में पैसों का लेन-देन करने के लिए दिया जाना पाए जाने पर दोनों को गिरफ्तार कर बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड जप्त किया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे व एएसआई संजय सिंह व उनकी टीम सक्रिय रही।




## एसबीआई लोक सेवा केंद्र से नकाबपोश बदमाशों ने शटर तोड़कर चुराए लगभग 15 हजार रुपये

-संवाददाता-
कोरबा,03 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

कोरबा अंचल के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित जेल के पास एसबीआई लोक सेवा केंद्र (चॉइस सेंटर) में चोर ने शटर का ताला तोड़कर वहा से 15 हजार रुपये कैश लेकर फरार हो गया। चोरी की वारदात सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसबीआई लोक सेवा केंद्र के संचालक विकास सिंह राणा ने बताया कि उन्होंने रोज की तरह बुधवार रात 9 बजे चॉइस सेंटर बंद किया और घर चले गए। लेकिन जब वे गुरुवार सुबह चॉइस सेंटर पहुंचे, तो शटर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाने पर सारा सामान बिखरा पड़ा था और लॉकर का ताला टूटा मिला,जिसमें से लगभग 15 हजार रुपये की नकदी चोरी हो गई। वहीँ चोरों की पूरी करतूत चॉइस सेंटर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पहले चोर ने चॉइस सेंटर के बाहर लगे दोनों कैमरों के साथ छेड़छाड़ की और उन्हें दूसरी दिशा में घुमा दिया। लेकिन अंदर लगे कैमरे में नकाबपोश चोर की हरकतें साफ रिकॉर्ड हो गईं। चॉइस सेंटर संचालक ने जानकारी देते हुए बताया की यह तीसरी बार है जब उनके चॉइस सेंटर में चोरी हुई है। इससे पहले हुई दो घटनाओं में चोर पकड़े जा चुके हैं, लेकिन एक बार फिर चोरी की वारदात सामने आई है। बताया गया के चॉइस सेंटर में विकास सिंह के अलावा एक और कर्मचारी काम करता है, जो शादी समारोह के लिए बाहर गया हुआ था। मामले की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने देर रात्रि थाना चांदनी व चौकी मोहरसोप का किया निरीक्षण

### जवानों के एलर्टनेस को परखा,जवानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुन निराकरण का दिया आश्वासन



-संवाददाता-
सूरजपुर,03 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर अचानक देर रात्रि दुरस्थ स्थित थाना-चौकी का औचक निरीक्षण किया और क्षेत्र के सुरक्षा व्यवस्था का हाल जाना,तैनात अधिकारी व जवानों के एलर्टनेस को परखा और उनसे चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना और निराकरण के आश्वासन दिए। आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए सजगता के साथ रात्रि गश्त करने एवं कानून व्यवस्था ड्यूटी के दौरान सुरक्षात्मक वस्तुएं अनिवार्य रूप से रखने तथा थाना-चौकी में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनकर कार्यवाही करने के निर्देश दिया।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने दिनांक 31.03.2025 को थाना चांदनी व दिनांक 01.04.2025 को चौकी मोहरसोप का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभारियों से पुलिस अधिकारी व जवानों की तैनाती, क्षेत्र की गतिविधियां,लंबित मामलों एवं थाना के कार्यो का जायजा लिया और थाने के रिकार्ड का बारीरी से अवलोकन किया। गंभीर अपराधों,महिला एवं बच्चों से संबंधित मामलों में त्वरित एवं कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने पर जोर दिया। लंबित मामलों की डायरी, शिकायत एवं गुम इंसान की दस्तयाबी के प्रयासों को देखा और निकाल की स्थिति में गति लाने विवेचकों को सख्त चेतावनी दी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पुलिस थाने में आने वाले फरियादी को सम्मान के साथ बैठाकर उनकी शिकायत को गंभीरता से सुना जाए,शिकायतों का समय से निराकरण किया जाए। इसके अलावा पुलिस थाने में आने वाले किसी भी फरियादी को कोई भी परेशानी न हो इसका पूरा ख्याल रखा जाए। थाना-चौकी प्रभारी को पुलिस गश्त व्यवस्था मजबूत करने, आमजन से आपसी समन्वय स्थापित करने, सभी पुलिसकर्मी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए आमजन की सुरक्षा के लिए लगातार कार्य करते रहने के साथ ही पुलिस अधिकारी व जवानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को जाना और निराकरण का आश्वासन दिया।

## साइबर अपराध को लेकर कड़ी कार्रवाई



-संवाददाता-
सूरजपुर,03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

जिले की पुलिस ने साइबर अपराध पर कड़ी कार्रवाई करते हुए एक म्यूल अकाउंट होल्डर्स व बैंक खाता और एटीएम खरीददार को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी कमीशन के लालच में अपने बैंक खाते,एटीएम कार्ड को साइबर ठगों को सौंप दिए थे,जिससे ठगी की गई रकम को ट्रांसफर किया जाता था। भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र (आई फोर सी) के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुआ कि म्यूल अकाउंट खाता धारक ओमप्रकाश साहू निवासी पतरापाली, थाना रामानुजनगर के एक्सीस बैंक के एकाउंट शामील है जिसमें साइबर ठगी की रकम ट्रांसफर व आहरण किया गया है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने ऑनलाईन सायबर फ्राड के शिकायत का गंभीरता से लेते हुए शिकायत की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो से कराया। जांच उपरान्त साइबर फ्राड से संबंधित शिकायत में एक्सीस बैंक का खाता ओमप्रकाश साहू के नाम से होने पर उसके विरूद्ध थाना रामानुजनगर में अपराध क्रमांक 48/2025 धारा 317(4), 318(2), 61(2)(ए) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। थाना रामानुजनगर पुलिस ने विवेचना के दौरान पाया कि म्यूल एकाउंट खाता धारक ओमप्रकाश साहू निवासी ग्राम पतरापाली का एक्सीस बैंक रामानुजनगर में खाता है जिसने अपने बैंक खाता, एटीएम को 5 हजार रूपये लेकर योगेन्द्र कुमार साहू को दे दिया था। योगेन्द्र के द्वारा बैंक खाता व एटीएम को बिलासपुर के एक व्यक्ति के पास 15 हजार रूपये में बेच दिया। ओमप्रकाश के खाता पर साइबर ठग रकम ट्रांसफर कर आहरण करने संबंधी मैसूर सिटी कर्नाटक,चंडीगढ़ पुलिस स्टेशन सारंगपुर, डिडाननगर पश्चिम बंगाल में उक्त खाता धारक के विरूद्ध सायबर पोर्टल में कुल 24900 रूपये का ठगी किया गया है। आरोपियों से पूछताछ व बैंक ट्रान्जेक्शन के आधार पर ओमप्रकाश साहू के खाता में साइबर फ्राड के द्वारा 5 लाख 19 हजार 129 रूपये ट्रांसफर कर आहरण किया गया है। मामले में आरोपी ओमप्रकाश साहू पिता शिवशंकर साहू उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पतरापाली थाना रामानुजनगर एवं योगेन्द्र कुमार साहू पिता रामप्रताप साहू उम्र 27 वर्ष ग्राम लेडुआ थाना रामानुजनगर को दबिश देकर पकड़ा गया जिनके विरूद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया है और आगे की विवेचना जारी है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेन्द्र साहू, एएसआई मनोज पोर्ते, आरक्षक दीपक यादव, कृष्णा साहू व अमलेश्वर कुमार सक्रिय रहे।

## अवैध रूप से संचालित क्लिनिक,पैथोलैब,नर्सिंग होम एवं मेडिकल स्टोर पर की जा रही है कार्यवाही





-संवाददाता-
बलरामपुर,03 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक/पैथोलैब/नर्सिंग होम एवं मेडिकल स्टोर में उपचार करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु जिला निरीक्षण दल का गठन किया गया है। निरीक्षण दल द्वारा निरंतर निरीक्षण कर अवैध रूप से उपचार करने वाले संस्थाओं पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। ऐसे अवैध रूप से उपचार करने वालों पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने आम जनता से भी सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि आपके आस-पास भी अवैध उपचार करने वाले हैं जो लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं तो आप इसकी जानकारी तत्काल संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलरामपुर के कार्यालय में देवें। ताकि उन लोगों पर कार्यवाही की जा सके। साथ ही कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अवैध रूप से संचालित क्लिनिक/ पैथोलैब/नर्सिंग होम एवं मेडिकल स्टोर के आड़ में उपचार करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने को कहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बंसत कुमार सिंह ने बताया कि जिले के सभी औषधि निरीक्षकों को नियमित दवा दुकानों का औचक निरीक्षण करने एवं अवैध रूप से दवा दुकान में उपचार करते पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध रूप से उपचार कर रहे लोगों की सूची तैयार कर कार्यवाही हेतु विकासखण्डो में उपलब्ध कराया गया है। ताकि आम नागरिकों को गलत उपचार से बचाया जा सके।



## बालको सेक्टर-5 में अतिक्रमण को लेकर मचा हंगामा-प्रशासन ने संभाली स्थिति

-संवाददाता-
कोरबा,03 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

जिले के कोरबा बालको डेली मार्केट क्षेत्र के बाद अब सेक्टर 5 में भी अतिक्रमण का मामला गरमा गया है। जानकारी के अनुसार बालको सेक्टर 5 विद्यालय के पास खाली जमीन पर बड़ी संख्या में कुछ महिलाएं पहुंचीं और वहां बांस-बल्ली गाड़कर कब्जा करने लगीं। सूचना मिलते ही बालको प्रशासन हरकत में आया और मौके पर भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी एवं अधिकारी पहुंच गए। जब प्रशासन ने लोगों को कब्जा करने से रोका, तो विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया,जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,अतिक्रमण करने पहुंचे लोग आपस में ही जमीन के हिस्से को लेकर झगड़ने लगे। विवाद इस बात पर होने लगा कि कौन कितनी जमीन घेर सकता है। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। अधिकारियों का कहना है कि यह जमीन सरकारी संपत्ति है और इस पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, अतिक्रमण करने वाले लोगों का तर्क है कि वे बेघर हैं और रहने के लिए उन्हें यह जमीन चाहिए। पुलिस प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए 112 टीम को बुलाया और मौके पर शांति व्यवस्था कायम की। फिलहाल प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और आगे की कार्यवाही के लिए जांच जारी है।

# इंग्लैंड दौरे से पहले भारतीय क्रिकेट टीम खेलेगी टेस्ट सीरीज

**नई दिल्ली,03 अप्रैल 2025।** भारतीय प्लेयर्स अभी आईपीएल खेलने में व्यस्त हैं। इसके बाद भारतीय टेस्ट टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने जाएगी। अब अपडेट आया है कि भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर तैयारी के लिए भारत-ए के खिलाफ एक मैच खेलेगी। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक इस मैच का कोई प्रसारण भी नहीं होगा। जब भी भारतीय टीम विदेशी दौरे पर जाती है, तो वहां की लोकल टीम से प्रैक्टिस मैच खेलती है, लेकिन इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### 13 जून के आसपास हो सकता है प्रैक्टिस मैच

आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाना है। इसके बाद भारतीय टीम के जून के दूसरे हफ्ते में इंग्लैंड पहुंचने की उम्मीद है। क्रिकबज की रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रैक्टिस मैच 13 जून के आसपास खेला जाएगा। इससे भारतीय प्लेयर्स को इंग्लैंड की परिस्थितियों से परिचित होने का भरपूर मौका मिलेगा।



### भारतीय क्रिकेट टीम से पहले इंग्लैंड दौरे पर जाएगी भारत-ए टीम

भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे पर से पहले भारत-ए टीम इंग्लैंड जाएगी और पहला मैच 30 मई से 2 जून तक केंट काउंटी के मुख्य मैदान कैंटरबरी में होगा। और दूसरा मैच 6 से 9 जून तक नॉर्थम्पटनशायर क्रिकेट काउंटी क्लब के मैदान पर होगा। दूसरी तरफ भारतीय टीम का चयन मई में हो सकता है। इस बात की संभावना है कि इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया कमान रोहित शर्मा को मिले।

### भारत बनाम इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का शेड्यूलः

पहला टेस्टः 20-24 जून,लीड्स
दूसरा टेस्टः 2-6 जुलाई, एजबेस्टन (बर्मिंघम)
तीसरा टेस्टः 10-14 जुलाई,लॉर्ड्स
चौथा टेस्टः 23-27 जुलाई, ओल्ड ट्रैफर्ड (मैनचेस्टर)
पांचवां टेस्टः 31 जुलाई  4 अगस्त, ओवल (लंदन)

टेस्ट क्रिकेट में ऐसा है दोनों टीमों के बीच हेड टू हेड
भारत और इंग्लैंड के बीच अभी तक कुल 136 टेस्ट मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 35 में भारत ने जीत हासिल की है और 51 में इंग्लैंड की टीम विजयी साबित हुई है। जबकि 50 मैच ड्रॉ रहे हैं।  इस तरह से भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की टीम का पलड़ा भारी है।

## संक्षिप्त खेल खबर

### मोहम्मद सिराज ने अपनी पुरानी टीम आरसीबी के खिलाफ ढाया कहर

**बेंगलुरु,03 अप्रैल 2025।** दाएं हाथ के धाकड़ तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने घर वापसी का जश्न शानदार अंदाज में मनाया। आईपीएल 2025 के 14वें मैच में गुजरात टाइटन्स का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने इस मैदान पर अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जो अपनी पुरानी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार से नवाजा गया। आरसीबी के खिलाफ मैच में सिराज ने 4 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट झटके. उन्होंने फिल साल्ट, देवदत्त पडिक्कल और लियाम लिविंगस्टोन को आउट किया। वह जीटी की आरसीबी पर शानदार जीत के हीरो रहे।



### सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर की क्रिकेट में एंट्री

**मुंबई,03 अप्रैल 2025।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और क्रिकेट आइकन सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर ग्लोबल ई-क्रिकेट प्रीमियर लीग (जीईपीएल) के बहुप्रतीक्षित सीजन 2 के लिए मुंबई फ्रेंचाइजी की मालिक बन गई हैं। जीईपीएल रियल क्रिकेट पर खेला जाता है, एक ऐसा गेम जिसने 300 मिलियन से अधिक लाइफटाइम डाउनलोड किए हैं। अपने ओपनिंग सीजन के बाद से,लीग ने तेजी से विकास देखा है, जिसमें खिलाड़ियों की रुचि में 5 गुना वृद्धि हुई है, जो सीजन 1 में 200,000 की तुलना में 910,000 रजिस्ट्रेशन तक पहुंच गई है।



### एलएसजी के खिलाफ नए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी एमआई

**लखनऊ,03 अप्रैल 2025।** कोलकाता नाइट राइडर्स पर शानदार जीत के बाद मुंबई इंडियंस शुक्रवार को आत्मविश्वास और जोश के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स  के खिलाफ आईपीएल 2025 के 16 वें मैच में उतरेगी। मुंबई के गेंदबाजों ने केकेआर को सिर्फ 116 रनों पर ढेर कर दिया था जिसके बाद रेयान रिकेल्टन के नाबाद 62 रनों के साथ-साथ सूर्यकुमार यादव के नौ गेंदों पर 27 रनों की धमाकेदार पारी से आसान लक्ष्य हासिल कर लिया था। उस मैच में नए खिलाड़ी अश्विनी कुमार ने चार विकेट लेकर प्रभावित किया जबकि दीपक चाहर और ट्रेंट बोल्ट पावरप्ले में प्रभावी रहे। इसके अलावा पिछले आमने-सामने के रिकॉर्ड के बावजूद, मुंबई इंडियंस एलएसजी को चुनौती देने के लिए अच्छी स्थिति में है।

## कल होने वाले मैच के लिए कैसी होगी पाकिस्तान की प्लेयिंग 11

### बदलाव होने की पूरी संभावना

**न्यूजीलैंड,03 अप्रैल 2025।** न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के शुरुआती दो मैचों में पाकिस्तानी टीम ने बहुत ही खराब प्रदर्शन किया है। पहले मैच में टीम को जहां 73 रनों से तो दूसरे वनडे मुकाबले में 84 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ पाकिस्तानी टीम ने सीरीज भी गंवा दी है। अब तीसरे वनडे में जीत दर्ज करके क्लीन स्वीप से बचना चाहेगी। ताकी वह सीरीज 0-3 से ना हार जाए। ऐसे में तीसरे वनडे मैच के लिए पाकिस्तानी टीम की प्लेइंग इलेवन में कई बदलाव हो सकते हैं।

### तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं बाबर आजम

दूसरे वनडे मैच में पाकिस्तानी टीम के लिए बल्लेबाजों ने बहुत ही खराब प्रदर्शन किया था। टीम के ओपनर्स इमाम उल हक और अब्दुला शफीक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। टीम मैनेजमेंट इन प्लेयर्स के ऊपर एक बार फिर भरोसा जता सकता है। ऐसे में दोनों की ही जोड़ी एक बार फिर मैदान पर उतरती हुई दिखाई दे सकती है। तीसरे नंबर पर अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम का उतरना लगभग तय है। पिछले कुछ समय से बाबर अपने नाम के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।



### ऐसा रह सकता है मिडिल ऑर्डर

चौथे नंबर पर कप्तान मोहम्मद रिजवान उतर सकते हैं। इसके अलावा वह विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी भी निभाते हुए नजर आ सकते हैं। पांचवें नंबर पर पाकिस्तानी टीम में सलमान अली आगा को चांस मिल सकता है। वहीं छठे नंबर पर तैयब ताहिर की जगह खुशदिल शाह को उतारा जा सकता है। तैयब दूसरे वनडे में अच्छा प्रदर्शन नहीं दिखा पाए थे। वहीं दूसरे मैच में अर्धशतक जड़ने वाले फहीम अशरफ को भी चांस मिल सकता है।

### सूफियान मुकीम को मिल सकता है एक और मौका

तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई नसीम शाह करते हुए नजर आएंगे। उनका साथ देने के लिए हारिस रऊफ को चांस मिल सकता है। आकिफ जावेद और इरफान खान में से किसी एक को प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बनाया जा सकता है। स्पिनर के तौर पर सूफियान मुकीम को मौका मिल सकता है।

### तीसरे वनडे मैच के लिए पाकिस्तानी टीम की संभावित प्लेइंग इलेवन

अब्दुला शफीक, इमाम उल हक,बाबर आजम,मोहम्मद रिजवान (कप्तान), सलमान अली आगा,खुश दिल शाह, फहीम अशरफ,नसीम शाह,हारिस रऊफ,अकिफ जावेद/इरफान खान, सूफियान मुकीम।

## भारतीय खिलाड़ी का ऐतिहासिक कारनामा दो शतक जड़कर बना डाला वर्ल्ड रिकॉर्ड



**नई दिल्ली,03 अप्रैल 2025।** भारत में इस समय घरेलू क्रिकेट में महिला मल्टी डे चैलेंजर ट्रॉफी खेली जा रही है। इस ट्रॉफी में कुल चार टीमें हिस्सा ले रही हैं। जिनमें टीम-ए, टीम-बी, टीम-सी और टीम-डी शामिल हैं। इसमें टीम-ए और टीम-सी के बीच खेला गया मैच ड्रॉ रहा है। टीम-सी की तरफ से मैच में तनुश्री सरकार ने कमाल का प्रदर्शन किया है और बेहतरीन बल्लेबाजी का नमूना पेश किया है और दोनों पारियों में शतक लगाकर ऐतिहासिक कमाल कर दिया है।

### महिला फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पहली बार हुआ ऐसा कमाल

तनुश्री सरकार पहली ऐसी महिला खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने महिला फर्स्ट क्लास मैच की दोनों पारियों में शतक लगाए हैं और बेहतरीन बल्लेबाजी से ये वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। दुनिया भर में घरेलू क्रिकेट में महिला प्लेयर्स के फर्स्ट क्लास मैच बहुत ही कम होते हैं। इसी वजह से आज तक ऐसा रिकॉर्ड नहीं बन पाया। तनुश्री ने पहली पारी में 153 रन और दूसरी पारी में नाबाद 102 रन बनाए।

### तनुश्री सरकार ने पहली पारी में खेली 153 रनों की पारी

तनुश्री सरकार टीम-सी के लिए पहली पारी में नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरीं। इसके बाद उन्होंने 278 गेंदों में कुल 153 रन बनाए, जिसमें 21 चौके और एक छक्का लगाया। उनके अलावा कप्तान जेमिमा रोड्रिगेज ने भी शानदार 71 रनों की पारी खेली। इन दोनों महिला बल्लेबाजों की वजह से ही टीम-सी ने पहली पारी में 313 रनों का बड़ा स्कोर बनाया।

### दूसरी पारी में भी तनुश्री ने लगाया शतक

इसके बाद टीम-ए ने पहली पारी में 305 रन बनाए और इस तरह से टीम-सी ने पहली पारी के आधार पर 8 रनों की मामूली बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद टीम-सी के लिए तनुश्री सरकार ने दूसरी पारी में धमाकेदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 184 गेंदों में 102 रन बनाए, जिसमें 13 चौके शामिल रहे। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिगेज ने 55 रनों की पारी खेली। इन प्लेयर्स के कारण ही टीम-सी ने दूसरी पारी में 211 रन बनाए और इस तरह से मैच ड्रॉ हो गया।

## पहली बार विदेशी जमीन पर डे-नाइट टेस्ट खेल सकती है ऑस्ट्रेलिया



**मेलबर्न,03 अप्रैल 2025।**
ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के चौथे संस्करण में अपना आगाज वेस्टइंडीज के दौरे से करेगी जिसमें उसे मेजबान टीम के खिलाफ जून और जुलाई महीने में 3 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इस दौरे की शुरुआत 25 जून से होगी तो वहीं सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच 12 जुलाई से खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस दौरे पर टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच डे-नाइट खेल सकती है, जिसको लेकर वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है।

### ऑस्ट्रेलिया घर के बाहर पहली बार खेलेगी डे-नाइट टेस्ट मैच

पिंक बॉल टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलियाई टीम पिछले कई सालों से लगातार खेलते हुए आ रही है, जिसमें उसने अभी तक ये सारे मैच अपने घर पर ही खेले हैं। ऐसे में कंगारू टीम पहली बार घर के बाहर पिंक बॉल टेस्ट मैच खेल सकती है। क्रिकेट वेस्टइंडीज की तरफ से जब इस दौरे के का ऐलान किया गया था तो उसमें जमैका के साबाइना पार्क में खेले जाने वाले सीरीज के आखिरी टेस्ट मैच को डे-नाइट लिस्ट किया गया था। ईएसपीएन क्रिकइंफो के मुताबिक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस डे-नाइट टेस्ट मैच को लेकर अपनी सहमति तो दे दी है, लेकिन उससे पहले साबाइना पार्क स्टेडियम की फ्लड लाइट व्यवस्था को चेक किया जाएगा। इसको लेकर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कुछ सदस्य तैयारियों का जांचने के लिए जमैका का दौरान अप्रैल महीने में ही करेंगे।

## रातों की नींद उड़ाने वाली हॉरर फिल्म का आ रहा है सिक्वल

### ट्रेलर में दिखा नुसरत भरुचा का खौफ

बेटियों का जन्म हर किसी के लिए अच्छी खबर नहीं होती। यह समाज की एक कड़वी सच्चाई है। इतिहास में ऐसी कई कहानियां दफन हैं, जहां बेटियों को जन्म लेते ही मौत के घाट उतार दिया जाता था। इन कहानियों को फिल्मों और सीरियल में दिखाने की कोशिश कई बार की गई है। नुसरत भरुचा की हॉरर फिल्म छोरी 2 ऐसी ही कहानी लेकर आ रही है। इसका ट्रेलर गुरुवार को रिलीज हो गया है और यह किसी डरावने सपने से कम नहीं है। इसके अलावा ट्रेलर में सोहा अली खान की एंट्री भी दमदार है।





### लीड रोल में दो हसीनाएं...

विशाल फुरिया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में नुसरत भरुचा और सोहा अली खान अहम भूमिका में हैं। लड़के-लड़की के बीच भेदभाव ही फिल्म की स्टोरीलाइन है। इसमें डरावनेपन के साथ-साथ भावनाएं भी हैं। ट्रेलर के शुरुआती सीन में एक महिला एक छोटी बच्ची को कहानी सुनाती है। वह कहती है, एक बहुत बड़ा राज्य था। उसका एक राजा था। एक दिन उसके घर एक लड़की का जन्म हुआ। राजा को गुस्सा आ गया। लड़की पूछती है, गुस्सा क्यों? क्योंकि राजा को लड़का चाहिए था, लड़की बिल्कुल नहीं। लड़की हैरानी से पूछती है, फिर क्या हुआ? बताया जाता है, राजा ने अपनी दासी को बुलाया। इस बातचीक के बाद ट्रेलर शुरू होता है। बाद में सोहा अली खान घूंघट ओढ़े हुए दिखाई देती हैं। बेटी पर मंडराते खतरे को देखकर नुसरत के चेहरे पर चिंता और घबराहट की लकीरें आ जाती हैं। वह कहती हैं, मेरी बेटी अभी बहुत छोटी है। लड़की को मारने और आग लगाने का आदेश दिया जाता है।

### ट्रेलर देखने के बाद लोगों ने दिया ऐसा रिस्पॉन्स

ट्रेलर काफी इंटेंस और डरावना लग रहा है। टैगलाइन में लिखा है खतरा बढ़ेगा, डर बढ़ेगा। सवाल यह है कि क्या वह राजा अभी भी जिंदा है। मेकर्स का दावा है कि इस बार कहानी ज्यादा डरावनी है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। यूजर्स ट्रेलर को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, इंतजार नहीं कर सकता। एक और कमेंट में लिखा था, बैठे हैं! जल्दी से कहानी के ले आओ। एक और यूजर ने लिखा, ओटीटी एक शानदार दुनिया है अच्छी कहानियों की। बता दें कि यह फिल्म, हॉरर फिल्म छोरी का सीक्वल है जिसे साल 2021 में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया था। करीब चार साल बाद अब सीक्वल छोरी 2 आ रहा है। इसे 11 अप्रैल 2025 को प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा।

## केसरी चैप्टर 2 में भिड़ेंगे अक्षय कुमार और आर माधवन




बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और आर माधवन की फिल्म **केसरीः चैप्टर 2** का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। इस पीरियड ड्रामा के दमदार ट्रेलर में अक्षय और माधवन के बीच कुछ ऐसे पल हैं, जिसमें वे वकील की भूमिका निभाते हुए जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार की लड़ाई के लिए कोर्ट में एक-दूसरे से भिड़ते हुए नजर आएंगे। करण सिंह त्यागी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अनन्या पांडे भी अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी। सामने आया ट्रेलर दमदार है और इसे देखकर आप कहेंगे कि काहानी में दम तो है। ट्रेलर की शुरुआत 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में चली गोलियों की झलक से होती है। बाद में अक्षय कुमार की एंट्री होती है जो सर सीएस नायर की भूमिका निभा रहे हैं। अक्षय कोर्ट में जनरल डायर से सवाल करते हैं। बाद में आर माधवन को विरोधी वकील के रूप में पेश किया जाता है,जो कोर्ट में क्राउन का प्रतिनिधित्व करेंगे। अनन्या पांडे को उन शुरुआती महिलाओं में से एक के रूप में भी पेश किया गया है,जिन्होंने उस समय कानून की पढ़ाई करने के लिए दाखिला लिया था, जब इसे सिर्फ पुरुषों का काम माना जाता था। वो अंग्रेजों के खिलाफ आवाज भी बुलंद करती ट्रेलर में नजर आ रही हैं। केसरीः चैप्टर 2 रघु पालत और पुष्पा पालत की किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है। यह फिल्म सी शंकरन नायर के जीवन पर केंद्रित है, जो एक बैरिस्टर थे, जिन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के पीछे की सच्चाई को उजागर करने के लिए ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। रघु पालत सी शंकरन नायर के परपोते हैं और कहानी भारतीय इतिहास के इस महत्वपूर्ण अध्याय में गहराई से उतरती है। मूल रूप से 14 मार्च 2025 को रिलीज होने वाली इस फिल्म को अब 18 अप्रैल 2025 तक के लिए टाल दिया गया है। धर्मा प्रोडक्शंस, लियो मीडिया कलेक्टिव और केप ऑफ गुड फिल्म्स द्वारा निर्मित **केसरी चैप्टर 2** का निर्देशन करण सिंह त्यागी ने किया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सीएस नायर के प्रतिष्ठित और बहादुर व्यक्तित्व पर फिल्म का फोकस इसे एक ऐतिहासिक और बेहद महत्वपूर्ण कहानी बनाता है। जलियांवाला बाग त्रासदी के इर्द-गिर्द ब्रिटिश साम्राज्य की कहानी को चुनौती देने में उनकी भूमिका बहादुरी और प्रतिरोध की कहानी है।

## महत्वपूर्ण खबर

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को मिले तीन नए अतिरिक्त जज



**मुख्य न्यायाधिपति ने दिलाई शपथ**

**रायपुर,03 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में न्यायपालिका को मजबूती देते हुए तीन नए अतिरिक्त न्यायाधीशों ने अपने पद की शपथ ग्रहण की। जस्टिस सचिन सिंह राजपूत, जस्टिस राधा किशन अग्रवाल और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल को मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने कोर्ट हॉल में शपथ दिलाई। इस गरिमामय अवसर पर उच्च न्यायालय के सभी न्यायमूर्ति मौजूद रहे।

### सोने से भरी कार पकड़ाई



**बिना दस्तावेज के ले जा रहे थे 3 करोड़ का सोना...नगदी भी जब्त...**

**कबीरधाम,03 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम पुलिस ने सोने से भरी कार पकड़ी है। जब्त सोने की कीमत 3 करोड़ बताई जा रही है। जांच में गाड़ी के अंदर से पुलिस ने 8.40 लाख रूपये नगदी भी जब्त की है। साथ ही दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर वाहन और सोने के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### बॉलीवुड सिंगर ऐश्वर्या पंडित पर चोरी की एफआईआर दर्ज

**रायपुर के थाने में पति ने 11 लाख का सामान चुराने का लगाया आरोप**

**रायपुर,03 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के मुजगहन थाने में बॉलीवुड सिंगर ऐश्वर्या पंडित के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज हुआ है।



कोर्ट के आदेश पर मुजगहन थाने में अपराध दर्ज किया गया है। बॉलीवुड सिंगर के पति ने उनके उपर 11 लाख का सामान चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बॉयफ्रेंड ने चाचा के साथ मिलकर प्रेमिका से किया गैंगरेप



**बंधक बनाकर बारी-बारी से बुझाई हवस की प्यास**

**बिलासपुर,03 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले से गैंगरेप का मामला सामने आया है। प्रेमी ने अपनी ही प्रेमिका को मिलने बुलाकर गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया है। इतना ही नहीं इस घटना में उसके चाचा की भी भूमिका रही। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है।

### बीजेपी नेता ने नाबालिग से किया रेप



**पूर्व सीएम बोले-मिर्ची तोड़ने तेलंगाना गई थी आपबीती सुन मां का फट गया कलेजा**

**बीजापुर,03 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां की एक नाबालिग लड़की से तेलंगाना में रेप की कोशिश हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी और कोई नहीं बल्कि बीजेपी का नेता है। इस वारदात से राजनीती का माहौल गरमा गया है। इसी बीच छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर बीजेपी पर हमला बोला है।

# छत्तीसगढ़ में रेरा ने की बड़ी पहल

## रेरा के नए वित्तीय सुरक्षा मॉडल से रियल एस्टेट खरीददारों के हितों की होगी सुरक्षा

» वित्तीय अनियमितताओं को रोकने और खरीदारों के हितों की रक्षा करने रेरा ने 17 बैंकों को किया सूचीबद्ध...

» रियल एस्टेट परियोजनाएं समय पर होंगी पूरी...खरीदारों को मिलेगा समय पर घर...



**रायपुर,03 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में रियल एस्टेट प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने और प्रोजेक्ट में भूमि-मकान आदि सम्पत्तियां खरीदने वाले लोगों के हितों को संरक्षित करने के उद्देश्य से रेरा ने रियल एस्टेट में वित्तीय अनुशासन और पादर्शिता लाने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। राजधानी रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में एक बैंक एम्पैनलमेंट इवेंट में रेरा ने 17 बैंकों को सूचीबद्ध किया और रियल एस्टेट प्रमोटरों के साथ अपने नए वित्तीय सुरक्षा मॉडल को साझा किया।

कार्यक्रम में रेरा के अध्यक्ष श्री संजय शुक्ला ने बताया कि इस नए वित्तीय माडल का मुख्य उद्देश्य आबंटियों के निवेश को सुरक्षित रखना और धनराशि के दुरुपयोग को रोकना है। बैंकों के सिस्टम को रेरा नामित खातों के अनुरूप बनाया गया है ताकि लेनदेन में पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन बना रहे। साथ ही निधियों की निकासी, आवंटन और निगरानी सॉफ़्टवेयर-आधारित प्रणाली के माध्यम से होगी, जिससे मानव हस्तक्षेप न्यूनतम होगा और गलतियों की संभावना कम होगी।

रेरा के अध्यक्ष श्री शुक्ला ने बताया कि इस नए वित्तीय माडल के अंतर्गत अब किसी भी रियल एस्टेट परियोजना में आबंटियों से प्राप्त कुल राशि का 70 प्रतिशत भाग एक रेरा नामित बैंक खाते में जमा करना अनिवार्य होगा। रियल एस्टेट सेक्टर में वित्तीय अनियमितताओं को रोकने और खरीदारों के हितों की रक्षा करने के लिए रेरा ने बैंकों को इस प्रक्रिया में शामिल किया है। सरकार द्वारा इस प्रणाली को अपनाने से रियल एस्टेट क्षेत्र को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। तय नियमों के तहत वित्तीय प्रबंधन आसान होगा, जिससे परियोजनाओं को सुचारू रूप से पूरा किया जा सकेगा। रियल एस्टेट क्षेत्र में वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को बढ़ावा देगा, जिससे सभी हितधारकों को लाभ मिलेगा। रेरा के अध्यक्ष श्री शुक्ला ने कहा कि इस नई व्यवस्था के तहत आबंटियों से प्राप्त धनराशि स्वचालित रूप से 70 प्रतिशत रेरा खाते में और 30 प्रतिशत अन्य आवश्यकताओं के लिए सुरक्षित होगी। यह राशि केवल परियोजना के वास्तविक विकास कार्य और उसके अनुपात में ही खर्च की जा सकेगी। बैंकों के सिस्टम को रेरा नामित खातों के अनुरूप बनाया गया है ताकि लेनदेन में पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन बना रहे। साथ ही निधियों की निकासी, आवंटन और निगरानी सॉफ़्टवेयर-आधारित प्रणाली के माध्यम से होगी, जिससे मानव हस्तक्षेप न्यूनतम होगा और गलतियों की संभावना कम होगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ रेरा के सदस्य श्री धंनजय देवांगन, रजिस्ट्रार सुश्री आस्था राजपूत, क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री पंकज लाहोरी एवं विभिन्न बैंकों के जोनल हेड शामिल हुए।

### हर प्रोजेक्ट के लिए मिलेगा रियल-टाइम अपडेट

रेरा के इस पहल से बैंकों, प्रमोटरों और रियल एस्टेट के खरीदारों को लाभ होगा। इसके तहत सूचीबद्ध बैंकों को अब भौतिक दस्तावेजों की आवश्यकता नहीं होगी,जिससे संचालन सुगम होगा। हर प्रोजेक्ट के लिए रियल-टाइम अपडेट मिलेगा,जिससे वित्तीय पारदर्शिता बढ़ेगी। बैंकिंग प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है, जिससे निधियों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित होगी। रियल एस्टेट प्रमोटरों और डेवलपर्स को अब बार-बार दस्तावेज जमा नहीं करने पड़ेंगे क्योंकि अब सभी दस्तावेज़ डिजिटल रूप से उपलब्ध होंगे जिससे प्रशासनिक प्रक्रिया सरल होगी। इसी तरह रियल एस्टेट खरीदारों को भी लाभ होगा। खरीदारों की जमा की गई धनराशि सुरक्षित रहेगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनका पैसा सही ढंग से उपयोग हो। साथ ही परियोजनाओं को तय समय पर पूरा करने के लिए प्रमोटरों पर दबाव बनेगा, जिससे खरीदारों को घर मिलने में देरी नहीं होगी। वित्तीय अनुशासन मजबूत होने से रियल एस्टेट क्षेत्र में भरोसा बढ़ेगा।

## 8 विशेषज्ञ डॉक्टर और 31 मेडिकल अफसरों के संविदा नियुक्ति का आदेश जारी

**रायपुर,03 अप्रैल 2025(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने व स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी हेतु पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों व चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में में 31 चिकित्सा अधिकारियों (संविदा) व 08 विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) की पदस्थापना की गई है। जिससे त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आज इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. रितु बघमार जिला अस्पताल बलौदा बाजार-भाठापारा, डॉ. गौरव दानी जिला अस्पताल बेमेतरा, डॉ अशफाक हुसैन जिला अस्पताल दंतेवाड़ा,डॉ संतराम चुरेन्द्र व डॉ. ऋचा वर्मा की जिला अस्पताल दुर्ग, डॉ संजय कुमार सिंह जिला अस्पताल जांजगीर चांपा, डॉ मिलिंद मनोहर देवधर, शहरी सामुदायिक केन्द्र रायपुर व डॉ शिवम जायसवाल की जिला अस्पताल सूरजपुर में पदस्थापना की गई है।



## भ्रामक विज्ञापनों पर बृजमोहन अग्रवाल नाराज,संसद में उठाए सवाल



**रायपुर,03 अप्रैल 2025(ए)।** रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में खाद्य उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों को लेकर संसद में सवाल उठाया। उन्होंने सरकार से यह जानकारी मांगी कि क्या छत्तीसगढ़ में खाद्य उत्पादों से संबंधित भ्रामक विज्ञापनों की निगरानी के लिए कोई विशेष समिति गठित की गई है। यदि ऐसा है, तो उसकी अनुशंसाओं को सार्वजनिक किया जाएगा या नहीं, और इस संबंध में विस्तृत जानकारी कब तक प्रस्तुत की जाएगी। अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कोई प्रभावी तंत्र स्थापित करने पर भी जानकारी मांगी है। जिसपर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने बताया कि सरकार ने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ में खाद्य उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों की निगरानी के लिए कोई विशेष समिति गठित नहीं की है।

## 30 अप्रैल तक जमा कर सकेंगे प्रॉपर्टी टैक्स



**नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश, नहीं देना होगा सरचार्ज**

**रायपुर,03 अप्रैल 2025(ए)।** नगरीय प्रशासन विभाग ने संपत्तिकर, जलकर सहित अन्य करों के जमा करने के लिए तारीख बढ़ा दी है। विभाग ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार,30 अप्रैल तक लोग संपत्तिकर जमा व अन्य कर जमा कर सकेंगे। आदेश में कहा गया है कि लोकसभा और निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कारण संपत्तिकर सहित अन्य करों की वसूली में विलंब हुआ। इस वजह से कई निकायों ने टारगेट पूरा नहीं कर पाया है। निकायों में संपत्तिकर जमा करने की अंतिम तारीख 31 मार्च थी। संपत्तिकर जमकर करने अंतिम दो दिन तक निकायों में भारी भीड़ रही। अंतिम दिन संपत्तिकर सहित अन्य जमा करने के लिए लोग निकाय की वेबसाइट खोल चाह रहे थे, लेकिन वेबसाइट खुल ही नहीं रही थी। इस कारण से भी जो लोग ऑनलाइन संपत्तिकर व अन्य कर जमा करना चाह रहे थे,वे लोग नियत तिथि में संपत्तिकर जमा नहीं कर पाए। अब उन्हें राहत मिल गई है।



### नक्सलगढ़ रायगुड़म बाइक से पहुंचे गृहमंत्री विजय शर्मा

**सुकमा/दंतेवाड़ा,03 अप्रैल 2025(ए)।** आज़ादी के बाद पहली बार कोई मंत्री नक्सलगढ़ रायगुड़म बाइक से पहुंचे है। जगरगुंडा के रायगुड़म में जवानों से डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने मुलाक़ात की।

## बलौदाबाजार हिंसा मामले में विधायक देवेंद्र यादव सहित 7 पर आरोप तय



**बलौदाबाजार,03 अप्रैल 2025(ए)।** बलौदाबाजार में जून 2024 को हुई हिंसा और आगजनी के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय में 2 अप्रैल 2025 को सुनवाई हुई। इस केस में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव समेत 7 लोगों पर आरोप तय किए गए हैं। कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता और लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग तय किया है। अब इन सभी पर बलौदाबाजार आगजनी कांड के आरोपी के रूप में मुकदमा चलेगा। सुनवाई के बाद अगली तारीख पर अभियोजन पक्ष अपने साक्ष्य पेश करेगा।

## नर्सिंग में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**मई-जून में होगी परीक्षा**



**रायपुर,03 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) ने बीएससी. नर्सिंग, एमएससी. नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए मई-जून में लिखित परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की है। व्यापमं ने बीएससी नर्सिंग, एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। उम्मीदवार परीक्षा तिथि की जांच कर सकते हैं और आधिकारिक वेबसाइट व्यापमएआर.सीजीस्टेट .जीओव्ही..आईएन के माध्यम से सीजी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 आवेदन पत्र भर सकते हैं। सीजी व्यापम नर्सिंग परीक्षा के लिए आवेदन से संबंधित विवरण लेख में दिए गए हैं। सीजी व्यापमं ने बीएससी, एमएससी एवं पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए प्रारंभिक तिथि, अंतिम तिथि, आवेदन त्रुटि सुधार तिथि एवं परीक्षा समय की जानकारी आधिकारिक वेबसाइट अपलोड किया है। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है और अंतिम तिथि 25 अप्रैल शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। इस प्रवेश परीक्षा के लिए राज्य के स्थानीय निवासियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। परीक्षा शुल्क के सम्बंध में राज्य शासन से प्राप्त पत्र सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, द्वारा परीक्षा शुल्क माफ किए जाने के सम्बंध में जारी पत्र क्रमांक एफ 10-2 /2022/एक (1), 08 अप्रैल 2022 के अनुसार राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार की परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट व्यापमई जी.सीजीस्टेट .जीओव्ही..आईएन पर उपलब्ध है या आप 87708 99608 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## जेल से 2 कैदी फरार,एक गिरफ्तार




**दंतेवाड़ा,03 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिला जेल से दो कैदी फरार हो गए। हालांकि,पुलिस ने एक कैदी को पकड़ लिया है,जबकि दूसरा अब भी फरार है। उसकी तलाश जारी है। जेल अधीक्षक अशोक सोरी ने बताया कि दोनों कैदी जेल की दीवार फांदकर भाग निकले थे। यह घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। पुलिस और सुरक्षा बल फरार कैदी की खोजबीन में जुटे हुए हैं। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिला जेल से दो कैदी भाग निकले,जिससे जेल प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, दोनों कैदी जेल की दीवार फांदकर फरार हुए थे। हालांकि,सुरक्षाकर्मियों की सतर्कता के चलते पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक कैदी को पकड़ लिया, लेकिन दूसरा अब भी फरार है। जिला जेल अधीक्षक अशोक सोरी ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जेल प्रशासन और पुलिस बल मिलकर फरार कैदी की तलाश में जुटे हुए हैं।

## फुटबॉल ट्रेनर ने नौकरी दिलाने के नाम पर 50 लाख की ठगी की




**रायपुर,03 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी में अपराध थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार ठग के मामले सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में बेरोजगार युवाओं को फिर एक बार ठगी का शिकार होना पड़ा। बता दें मंत्रालय में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 10 से ज्यादा युवाओं से करीब 50 लाख रुपए ठगे। ठगी का शिकार हुए लोगों ने जब कई साल इंतजार के बाद भी नौकरी नहीं मिलने पर पैसे वापस मांगे, तो आरोपी टालमटोल करने लगा। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी फुटबॉल ट्रेनर जावेद खान के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक,तखतपुर क्षेत्र के निगारबंद निवासी दीपक राजपूत, जो नेहरू नगर में रहकर एमए की पढ़ाई कर रहा था,वह 2021-22 से जिला पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था। फिजिकल ट्रेनिंग के दौरान उसकी मुलाकात जावेद खान से हुई,जिसने खुद को फुटबॉल खिलाड़ी और खेल विभाग,मंत्रालय रायपुर का कर्मचारी बताया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)